

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 142

ग्वालियर, बुधवार, 9 फरवरी, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

# यूपी की योगी सरकार ने पांच साल में 92 फीसदी वादे पूरे किए : अमित शाह

### 2 हजार करोड़ की संपत्ति को भू-माफिया से मुक्त कराया

**लखनऊ।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि 2017 के अपने संकल्प पत्र में हमने जो वादे किए थे, उसमें से 92 फीसद पूरे कर दिए हैं। इससे हमारी इच्छाशक्ति का अंदाजा लगया जा सकता है, कि भाजपा जो कहती है,वहां करती है। यूपी विधानसभा चुनाव के लिए लखनऊ में लोक कल्याण संकल्प पत्र जारी किया है। इस दौरान गृह मंत्री शाह ने कहा कि इससे पहले 2017 के भाजपा के संकल्प पत्र में 212 संकल्प थे, जिनमें से 92 पूरे हो चुके हैं। हम वहीं करते हैं जो हम कहते हैं।उन्होंने कहा कि मुझे आज पांच साल पहले का दृश्य याद आता है। यहीं हमने 2017 में यूपी के विकास का दस्तावेज, संकल्प-पत्र जनता के सामने रखा था। 2014 के चुनाव में 80 में 73 सीटें देकर जनता ने अपनी मंशा साफ कर दी थी। हमने उसका नाम घोषणा-पत्र की जगह संकल्प-पत्र नाम बहुत सोच-समझ कर दिया था। उन्होंने कहा,हमारे द्वारा एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स का वादा किया था। आज मैं कहना चाहता हूं कि लगभग 2 हजार करोड़ की संपत्ति को भू-माफियाओं से मुक्त कराकर वहां गरीबों के आवास बन रहे हैं और कहीं शिक्षण संस्थान



बन रहे हैं। गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 130 करोड़ की जनता को मुफ्त कोरोना की वैक्सीन देकर,सभी को सुरक्षित किया है और पूरे देश में सबसे ज्यादा टीकाकरण करने वाला राज्य आज उत्तर प्रदेश है। 5 साल की सरकार चलने के बाद आज प्रदेश से माफिया पलायन कर गए हैं और यहां कानून का राज स्थापित हुआ है। शाह ने कहा कि 5 साल पहले यूपी एक दंगा युक्त प्रदेश माना जाता था। विशेषकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश और अवध क्षेत्र में माताओं और बहनों की सलामती नहीं थी। भाजपा की सरकार ने, मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में खेती के लिए, किसानों के लिए ढेर सारे काम किए हैं। प्रधानमंत्री ने किसानों के लिए हर वर्ष 6 हजार रुपये बैंक अकाउंट में भेजने का काम किया है। भाजपा के 5 साल के शासन में यूपी सुरक्षित बना है। भूमाफियाओं पर कार्रवाई कर 2 हजार करोड़ की संपत्ति जब्त की है। नौकरियों में इंटरव्यू समाप्त कर सभी को बिना जांतपात देखे नौकरी दी है। 5000 करोड़ से सिंचाई योजना की शुरूआत करेंगे, जिससे मंझोले और छोटे किसानों को फायदा मिले। शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी ने लगभग 86 लाख लघु और सीमांत किसानों का 36 हजार करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया है। इसके साथ किसानों को लगभग 4.72 लाख करोड़ रुपए का ऋण उपलब्ध कराने का काम किया है।मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में किसानों और खेती के लिए बहुत काम किए गए हैं।

## लालू ने कहा, चुनाव लड़कर आऊंगा संसद, पीएम मोदी को दूंगा जवाब

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने मंगलवार को सक्रिय राजनीति में वापसी की घोषणा कर दी है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल होने के लिए दिल्ली से



बिहार आने के पहले मीडिया से बातचीत में उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। लालू ने कहा कि अभी कोर्ट से मुझे इजाजत नहीं है, मंजूरी मिलते ही चुनाव लड़कर संसद आऊंगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा में पीएम मोदी कुछ भी बोलते रहते हैं, मैं संसद पहुंचकर उनकी सभी बातों का जवाब दूंगा। राजद सुप्रीमो लालू ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर योगी आदित्यनाथ पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि यूपी के मुख्यमंत्री इलेक्शन के दौरान काफी अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। उनकी बातों से साफ दिख रहा है कि वह नर्वस हैं। लालू ने कहा कि योगी के बयानों में सिर्फ गाली-गलौज करना बचा है। उन्होंने कहा कि साफ झलक रहा है कि इसबार यूपी में बीजेपी का सफाया होने वाला है।

## अपना पुष्कर फ्लावर भी है,और फायर भी हैं, ना कभी झुकेगा : राजनाथ

**पिथौरागढ़।** केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पिथौरागढ़ जिले के गंगोलीहाट में मंगलवार को चुनावी जनासभा को संबोधित कर कहा कि भाजपा का नारा सबका साथ, सबका विश्वास है। कांग्रेस का नारा अपना विकास और सबका अविश्वास है।इस दौरान रक्षामंत्री ने कहा कि



आजकल पुष्पा फिल्म का नाम काफी चर्चा में है और हमारे सीएम का नाम पुष्कर है, लेकिन यह पुष्कर नाम सुनकर कांग्रेस के लोग समझते हैं कि ये पुष्कर,तब फ्लॉवर है, लेकिन मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि अपना पुष्कर फ्लावर भी है और फायर भी। हमारा पुष्कर ना कभी झुकेगा, ना कभी रुकेगा। रक्षामंत्री ने प्रत्याशी फकीर राम टम्टा के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जब-जब भाजपा की सरकार आई तब विकास भी हुआ। उन्होंने कहा कि एक वर्ष के भीतर राज्य को एक लाख करोड़ से अधिक की धनराशि केंद्र की मोदी सरकार ने उत्त्तराखंड में खर्च किए हैं। भाजपा कभी भी उत्त्तराखंड की जनता के विश्वास को टूटने नहीं देगी। अपने संबोधन राजनाथ ने हरीश रावत पर भी व्यंग कसकर कहा कि हमारा कोई भी मंत्री भ्रष्टाचार में संलिप्त नहीं है। श्री सिंह ने जनसंघ से लेकर भाजपा तक के सफर की बात करते हुए कहा कि हमने तब कहा था कि बहुमत से सरकार बनते ही हम कश्मीर से धारा 370 हटाएंगे और राम मंदिर बनाएंगे। आज धारा 370 हट चुकी है।

भारत एक इकलौता देश

# जहां विकास की दर उच्च और महंगाई की दर मध्यम : पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में जवाब दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने दावा किया कि उनकी सरकार में गरीबों के सशक्तिकरण के लिए काम हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी है, मानव जाति ने पिछले 100 वर्षों में ऐसा संकट कभी नहीं देखा था। यह संकट अपना रूप बदलता है और लोगों के लिए परेशानी पैदा करता है, पूरा देश और दुनिया इसके खिलाफ लड़ रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि जब कोरोना की शुरुआत हुई थी, तब चर्चा हो रही थी, कि भारत का क्या होगा। इसपर चर्चा हुई कि भारत की वजह से दुनिया पर क्या असर पड़ेगा। लेकिन देश के 130 करोड़ लोगों की इच्छाशक्ति और अनुशासन के कारण भारत के प्रयासों की दुनिया भर में सराहना हो रही है। उन्होंने कहा कि यह सदन कोरोना के दौरान हमारे स्वास्थ्य सेवा और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करता है। यह उन्हें और प्रेरित करेगा।कोविड-19 के दौरान 80 करोड़ गरीब लोगों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराना एक प्रमुख उदाहरण है जिसे भारत ने दुनिया के सामने स्थापित किया है।माहमारी के दौरान, बहुत सारी बाधाओं के बावजूद, हमने गरीबों और जरूरतमंदों को घर उपलब्ध कराने के लिए काम करना जारी रखा।

मोदी ने कहा कि हमारे युवाओं ने वैश्विक स्तर पर स्टार्टअप्स की संख्या के मामले में भारत को टॉप-3 में पहुंचा दिया है, वह भी कोविड के दौरान। मोदी ने कहा कि कोरोना के दौरान 5 करोड़ ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ नल के पानी के कनेक्शन प्रदान किए गए हैं, एक नया रिकॉर्ड है। विपक्ष के मंहगाई के आरोपों पर पीएम मोदी ने कहा कि महंगाई नियंत्रण के ईमानदार प्रयासों के कारण भारत आज दुनिया की एकमात्र अर्थव्यवस्था है, जहां विकास की दर उच्च और महंगाई की दर मध्यम है, जबकि विश्व के अन्य देशों की अर्थव्यवस्था के विकास की दर धीमी है और महंगाई ऐतिहासिक स्तर पर है। महंगाई की बात करें,तब अमेरिका में 40 साल में सबसे अधिक महंगाई का यह दौर चल रहा है। ब्रिटेन 30 साल में सबसे अधिक महंगाई की मार से आज परेशान है। दुनिया के 19 देशों में जहां यूरो मुद्रा है, वहां महंगाई की दर ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से लेकर 2020 तक देश में महंगाई की दर 4 से 5 प्रतिशत के आसपास थी और जब इसकी तुलना संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के दौर से की जाएगी तब पता चलेगा महंगाई होती क्या है? उन्होंने कहा, ''उस समय (संप्रग शासनकाल के दौरान) महंगाई दो अंको को छू रही थी।आज हम एकमात्र बड़ी अर्थव्यवस्था है जो उच्च विकास और मध्यम महंगाई अनुभव कर रहे हैं।

## किसानों को ज्यादा एमएसपी मिला, खातों में इतना पैसा उन्होंने पहली बार देखा : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उच्च सदन राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा का जवाब दिया। इससे पहले पीएम मोदी ने सोमवार को लोकसभा को संबोधित किया था। वहीं आज राज्यसभा में पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना एक वैश्विक महामारी है और पिछले 100 साल में मानव जाति ने इतना बड़ा संकट नहीं देखा है। अभी भी ये संकट नए-नए रूप लेकर आफतें लेकर आ रहा है। इसके अलावा पीएम मोदी ने कहा कि गरीब को राशन देने का काम किया। इस कोरोना काल में 80 करोड़ से भी अधिक देशवासियों को मुफ्त राशन देकर दुनिया के सामने उदाहरण प्रस्तुत किया है। वहीं, कोरोना काल में पांच करोड़ गरीब परिवारों को नल से जल पहुंचाने का काम किया गया। इतना ही नहीं किसानों ने कोरोना काल में बंपर पैदावार की और एमएसपी पर रिकॉर्ड खरीदारी भी की गई। कोरोना काल के दौरान ही गरीबों को पक्के मकान दिए गए, मुफ्त राशन मिला। गरीबों के सशक्तिकरण के लिए काफी काम किया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि किसानों को ज्यादा एमएसपी मिला, पैसा सीधा बैंक खातों में जमा हुआ। पंजाब के लोगों के मैंने कई वीडियो भी देखे, उन्होंने कहा कि हमारी मेहनत तो उतनी ही है, लेकिन खाते में इतना पैसा एक साथ आता है, ये पहली बार देखा है। पीएम मोदी ने कहा कि इस कोरोना काल में 80 करोड़ से भी अधिक देशवासियों के लिए इतने लंबे कालखंड के लिए मुफ़्त में राशन की व्यवस्था की गई, ताकि ऐसी स्थिति कभी पैदा न हो कि उनके घर का चूल्हा न जले। भारत ने ये काम करके दुनिया के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। पीएम मोदी ने कहा कि साल 2021 में एक करोड़ 20 लाख नए ईपीएफओ के पेरोल पर जुड़े, इनमें से 60-65 लाख 18 से 25 वर्ष की आयु के हैं।

## खास खबर

### कर्नाटक के गृहमंत्री की सभी पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के कई भागों में कॉलेज में हिजाब पहनने के पक्ष और विरोध में तेज होते प्रदर्शनों के बीच गृहमंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने सभी पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी को भी पुलिस को बल का प्रयोग करने को मजबूर नहीं करना चाहिए। राज्य के उडुपी, शिवमोगा, बागलकोट और अन्य भागों में स्थित शैक्षणिक संस्थानों में तनाव बढ़ने के चलते पुलिस और प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है और इसी बीच गृह मंत्री की यह चेतावनी आई है। इन घटनाओं के पीछे धार्मिक ताकतों का हाथ होने की ओर इशारा करते हुए मंत्री ने वीडियो संदेश में कहा, इस देश के बच्चे होने के नाते, हम सभी को भाइयों की तरह साथ खड़ा होना चाहिए। पोशाक समानता का प्रतीक है। शैक्षणिक संस्थान हमारे धार्मिक आस्था का पालन करने या हमारी वेशभूषा दिखाने का स्थान नहीं हैं।

### पैसा कमाने रुस गया शख्स का शव 206 दिनों के बाद पहुंचा गांव

**उदयपुर।** चार पैसे कमाने हितेंद्र गरासिया राजस्थान के उदयपुर से अपना घर-परिवार छोड़कर गया था। लेकिन वापस लौटा,तब उसका शव। वह भी परिवार के 206 दिनों तक संघर्ष करने के बाद मिला है। शव के गांव पहुंचने के बाद औपचारिकताएं पूरी करने के बाद रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया गया। दो दिन पहले रूस से दिल्ली और सोमवार को जयपुर में पोस्टमार्टम के बाद हितेंद्र का शव मंगलवार को पैतृक गांव गोड़वा लाया गया। करीब 12 बजे ताबूत में बंद शव को लेकर परिजन गांव पहुंचे। इस मौके पर बड़ी तादाद में ग्रामीण भी जमा हो गए। इससे पहले डीएसपी को परिजनों ने हितेन्द्र को गांव से रूस भेजने वाले एजेंट और उसके एक साथी के खिलाफ लिखित रिपोर्ट देकर जांच की मांग की। दरअसल, 13 अप्रैल 2021 को हितेंद्र एजेंट के द्वारा कमाई के खातिर रूस गया था। वहां 17 जुलाई को उसकी मौत हो गई थी। इसके एक महीने बाद रूसी सरकार ने परिवार को सूचना दी। तब से परिवार शव को भारत लाकर गांव में अंतिम संस्कार के लिए संघर्ष कर रहा था। लड़ाई में परिवार के लोग मानवाधिकारी आयोग से लेकर विदेश मंत्रालय और हाईकोर्ट तक गए। जंतर मंतर से लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय के बाहर तक धरना दिया। पीएम, राष्ट्रपति और विदेश मंत्र को पत्र लिखे। आत्मदाह की चेतावनी दी। प्रियंका गांधी से भी परिवार मिला। तब कहीं जाकर परिवार ने इस जंग को जीता है।

### आजम खान को सुप्रीम कोर्ट से भी नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने समाजवादी पार्टी सांसद और विधानसभा चुनाव लड़ रहे आजम खान को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री आजम खान की चुनाव प्रचार में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत देने की गुहार वाली याचिका खारिज कर दी। पीठ ने याचिकाकर्ता का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बिल से कहा कि वह (आजम खान) जमानत के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर शीघ्र सुनवाई की गुजारिश कर सकते हैं। आजम खान ने अपनी याचिका में राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार पर आरोप लगाया था कि वह उनसे संबंधित अदालती मामलों की प्रक्रिया आगे बढ़ाने में जानबूझकर देरी कर रही है। इसी वजह से उन्हे अंतरिम जमानत के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा। आजम खान ने आरोप लगाया कि राज्य की योगी आदत्यिनाथ सरकार का मुकदमों की कानूनी प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाने के पीछे का मकसद उन्हें आगामी विधानसभा चुनावों में भाग लेने से रोकना है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता खान ने जनवरी में अंतरिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी। उन पर राज्य में कई आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं और वह न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं।

## राहु-केतु ग्रहों की भांति हैं राहुल-केजरीवाल, वे आए तो विकास को लग जाएगा ग्रहण : शिवराज



**देहरादून।** उत्तराखंड में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार करने पहुंचे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तुलना राहू-केतु ग्रहों से की। भाजपा प्रदेश कार्यालय से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि मुख्यमंत्री चौहान ने उत्तराखंड की श्रीनगर, चमोली और पुरोला विधानसभाओं में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में सभाओं को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की डबल इंजन वाली सरकार उत्तराखंड में विकास कर रही है। रोड कनेक्टिविटी, रेल कनेक्टिविटी, इंटरनेट कनेक्टिविटी, मोबाइल कनेक्टिविटी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार देने का काम भाजपा की सरकारें कर रही है।

उन्होंने राहुल गांधी और केजरीवाल पर हमला करते हुए कहा, उत्तराखंड को राहू (राहुल गांधी) और केतु (केजरीवाल) से बचाया जाना चाहिए। अगर ये आ गए, तो उत्तराखंड के विकास को ग्रहण लगा देंगे। चौहान ने कहा देश की आजादी के बाद महात्मा गांधी ने कहा था, कांग्रेस को भंग कर दो। लेकिन पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उनकी बात नहीं मानी। अब राहुल बाबा ने कसम खाई है, वह महात्मा गांधी के सपनों को पूरा करके दिखाएंगे। कांग्रेस को समाप्त करके ही रहेंगे। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा राहुल गांधी कंफ्यूज भी हैं, और फ्यूज भी हैं। उत्तराखंड आए तो जनरल बिपिन रावत का ही नाम भूल गए। आजकल कहते हैं मोदी ने दो भारत बना दिए। जबकि भारत को दो भागों में विभाजित किया था कांग्रेस ने। कांग्रेस ने देश को हिंदुस्तान और पाकिस्तान में बांट दिया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं और किसी में हिम्मत नहीं है कि भारत माता की तरफ आंख उठाकर भी देख ले। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब में जहां कांग्रेस की सरकारें हैं, वहां न युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया और न किसानों का कर्ज माफ किया। यहां आकर कह रहे हैं, हम यह देंगे, हम वह देंगे। चौहान ने हरीश रावत के ट्वीट का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस में बहुत से मगरमच्छ हैं। अगर मगरमच्छ आ गए तो वे खा जाएंगे, इसलिए मगरमच्छ वाले पार्टी से सावधान रहना।

## सिद्धू की पत्नी का आरोप, राहुल गांधी को सीएम फेस के निर्णय के लिए गुमराह किया गया

**नई दिल्ली।** पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर राजनैतिक दलों का प्रचार जारी है। कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को सीएम फेस बनाया है। यानि कि चन्नी के ही नाम पर कांग्रेस विधानसभा चुनाव लड़ने जा रही है। सीएम फेस की रेस में चलने के साथ-साथ नवजोत सिंह सिद्धू का भी नाम आगे चल रहा था। मुख्यमंत्री पद को लेकर सिद्धू लगातार आलाकमान पर दबाव बना रहे थे। बावजूद इसके सिद्धू को कांग्रेस की ओर से पंजाब में मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं बनाया गया। सिद्धू ने यहां तक कह दिया था कि चन्नी सिर्फ ट्रेलर चला सकते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें,तब सिद्धू को सीएम फेस ना बनाया जाना कहीं ना कहीं उनके लिए किसी झटके से कम नहीं है।इस लेकर मंगलवार को सिद्धू की पत्नी



नवजोत कौर ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।नवजोत कौर ने कहा कि किसी को इतने उच्च पद पर चुनने के लिए मैरिट, शिक्षा, इमानदारी और काम को गिना जाना चाहिए। सिद्धू भले ही मेरे पति हैं लेकिन यह कहने में मुझे संकोच नहीं है, कि वे सीएम के लिए बेहतर विकल्प हो सकते थे। जब कौर से पूछा गया कि क्या राहुल गांधी को सीएम फेस के निर्णय के लिए गुमराह किया गया। उन्होंने साफगोई से कह दिया हां गुमराह किया गया है।

बताया जा रहा है कि भले ही सिद्धू ने सार्वजनिक तौर पर कांग्रेस आलाकमान के फैसले को स्वीकार कर लिया है। लेकिन कहीं ना कहीं उनके मन में नाराजगी जरूर है। नवजोत कौर ने भी सोमवार को कोई चुनाव प्रचार नहीं किया था। इससे भी इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं।सिद्धू ने कहा था कि वह कभी किसी पद के लिए लालायित नहीं रहे और उन्होंने चन्नी को राज्य का मुख्यमंत्री बनाने के फैसले की प्रशंसा की। राहुल गांधी के नेतृत्व की तारीफ कर उन्होंने कहा कि यह वहीं हैं,जिन्होंने पिछले साल दलित को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया।उन्होंने कहा कि यह बदलाव का पल है, जो लोगों के जीवन को बेहतर कर सके। हमें किसी चीज की जरूरत नहीं है।

## अखिलेश ने किया 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने और दो मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देने का वादा

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के बाद समाजवादी पार्टी ने भी घोषणा पत्र जारी कर दिया है। अखिलेश ने इसकी घोषणा करते हुए युवाओं, किसानों, महिलाओं के लिए कई बड़े वादे किए।सपा की सरकार बनने पर 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा कर चुके अखिलेश ने हर बीपीएल परिवार को साल में दो मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देने की घोषणा की। बाइक चालकों को हर महीने एक लीटर पेट्रोल, ऑटो चालकों को हर महीने तीन लीटर पेट्रोल और लीटर सीएनजी मुफ्त देने का वादा किया है।इतना ही नहीं, प्रदेश में समाजवादी कैंटीन की शुरुआत होगी, जिसमें 10 रुपए में खाना मिलेगा। अखिलेश ने कहा कि हर कृषि उत्पाद



की खरीद एमएसपी पर होगी। बीजेपी की तरह ही सपा ने भी 15 दिन के भीतर गन्ना भुगतान का वादा किया है। इसके अलावा सिंचाई के लिए भी मुफ्त बिजली देने की बात कही गई है। सीमांत किसानों को 2 बोरी डीएपी और 6 बोरी यूरिया मुफ्त दी जाएगी। 2025 तक किसानों को कर्ज मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। सपा पेंशन के तहत महिलाओं, वृद्धों और दिव्यांगों को सालाना 18 हजार रुपए पेंशन मिलेगी। अखिलेश ने कहा कि उनकी सरकार बनी,तब गांवों और शहरों को सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी देकर सुरक्षा सुनिश्चित होगी। 12वीं पास सभी छात्रों को लैपटॉप देने की घोषणा की गई है। इसके अलावा हर गांव-शहर में वाई-फाई सुविधा उपलब्ध करवाने बात कही है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि लड़कियों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। स्कूलों में अंग्रेजी शिक्षा पर जोर दिया जाएगा। यूपी को 2027 तक शत प्रतिशत साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### राहुल दूसरे एकदिवसीय के लिए भारतीय टीम के साथ जुड़े

**अहमदाबाद ।** बल्लेबाज लोकेश राहुल वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले दूसरे एकदिवसीय मुकाबले के लिए टीम इंडिया के साथ जुड़ गये हैं। राहुल को इस सीरीज के लिए उपकप्तान बनाया गया था पर निजी कारणों से वह पहले एकदिवसीय मुकाबले से बाहर रहे थे। टीम में शामिल होने के बाद राहुल और सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने नेट अभ्यास किया। यह टीम इंडिया के सदस्यों के लिए एक वैकल्पिक अभ्यास सत्र था। भारतीय दल में कोविड-19 संक्रमण के मामले पाये जाने के बाद मयंक को टीम में जोड़ा गया था। इसके साथ ही घरेलू क्रिकेट में दिल्ली की ओर से खेलने वाले तेज गेंदबाज नवदीप सैनी ने भी अभ्यास सत्र में भाग लिया। बीसीसीआई ने अभ्यास सत्र की तस्वीरों के साथ ट्वीट किया कि देखो यहां कौन हैं। साथ ही लिखा की राहुल , मयंक और नवदीप तीनों टीम में शामिल हुए और इन्हों ने आज अभ्यास सत्र में भी भाग लिया। भारत ने के नये कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई में पहले एकदिवसीय में 6 विकेट से जीत हासिल की थी। पहले मैच में ईशान किशन ने रोहित के साथ पारी शुरु की थी पर इस मैच में रोहित के साथ राहुल का उतरना तय माना जा रहा है।

### छोटे प्रारुप पर ध्यान देने रणजी ट्रॉफी नहीं खेलेंगे हार्दिक

**नई दिल्ली ।** ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या 10 फरवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी सत्र में नहीं खेलेंगे। पांड्या ने सीमित ओवरों की टीम में वापसी पर ध्यान देने के लिए ही रणजी सत्र से बाहर रहने का फैसला किया है। पांड्या के नहीं खेलने के कारण केदार देवधर को बड़ौदा टीम की कप्तानी करेंगे वहीं विष्णु सोलंकी को उप-कप्तान की जिम्मेदारी दी गयी है। बड़ौदा क्रिकेट संघ ने टूर्नामेंट के पहले चरण के लिए जिस 20 सदस्यीय टीम की घोषणा की है उसमें पांड्या शामिल नहीं है। वह सर्जरी के बाद फिटनेस हासिल करने के लिए 'रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया को देखते हुए पिछले साल टी20 विश्व कप के बाद से ही भारतीय टीम से बाहर है। पिछले साल टी20 विश्व कप में वह गेंदबाजी नहीं कर पाये थे , इसी कारण उन्हें अब टीम में जगह नहीं मिल रही है। उन्होंने दिसंबर 2018 के बाद से ही टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है हालांकि वह आईपीएल के जरिये प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर अपनी पफिटनेस साबित करना चाहेंगे। आईपीएल में वह नई आईपीएल टीम अहमदाबाद टीम के कप्तान बनाये गये हैं।

### टी20 के लिए टिकटों की बिक्री शुरु

**दुबई ।** ऑस्ट्रेलिया में पहली बाहर होने जा रहे टी20 विश्व कप के लिए टिकटों की बिक्री शुरु हो गयी है। टी20 विश्व कप 16 अक्टूबर से 13 नवंबर तक खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार इसके लिए टिकट टी20 विश्व कप डॉट कॉम पर उपलब्ध हैं। इसके जरिये फाइनल के साथ ही सभी 45 मैचों के लिए टिकट खरीदे जा सकेंगे। आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'बच्चों के टिकट पहले दौर और सुपर 12 चरण के लिए पांच डॉलर के हैं जबकि वयस्कों के टिकट 20 डॉलर के हैं।

# शेख रसीद का आईपीएल में धोनी की कप्तानी में खेलने का है सपना

**नई दिल्ली।** भारत ने पांचवीं बार -19 वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया है। पूरे वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के उपकप्तान शेख रशीद ने कमाल की बल्लेबाजी की। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों मुकाबलों में उनका बल्ला खूब बोला। फाइनल मैच में उन्होंने शानदार 50 रनों की पारी खेली। दैनिक भास्कर ने इस शानदार जीत के बाद रशीद से बात की है। आइए आपको बताते हैं उन्होंने क्या कहा...



**सवाल:** आप लोगों ने कोरोना की चुनौतियों का सामना कैसे किया। आप और कप्तान यश धुल सहित 6 खिलाड़ी कोरोना संक्रमित हो गए थे। ऐसे में आप लोगों के दिमाग में क्या चल रहा था?

**जवाब:** दिमाग में निगेटिव बातें आ रही थीं। अभी टूर्नामेंट बाकी था। हमें समझ में नहीं आ रहा था कि हम कोरोना संक्रमित कैसे हो गए। इस दौरान वीवीएस लक्ष्मण सर सभी खिलाड़ियों से आधे घंटे तक रोजाना वीडियो कॉल से बात करते थे। सर ने सभी को मोटिवेट किया। सर के मोटिवेशन से ही हम लोग जल्द ही रिकवर कर पाए। सर कहते थे कि अभी क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल बाकी है। आप सोने से पहले ये सोचो की आप को इन महत्वपूर्ण मैचों में खेलना है और उसके लिए आप प्लानिंग करो और डायरी में लिखो।

**सवाल:** आप लोग एक-दूसरे को कैसे मोटिवेट करते थे ?

**जवाब:** कोरोना से जूझ रहे सभी खिलाड़ी क्वारैंटाइन के दौरान एक-दूसरे से वीडियो कॉल और ग्रुप चैट और पर्सनल चैट पर बात करते थे और एक-दूसरे का हाल चाल जानते थे और एक-दूसरे को मोटिवेट करते थे।

**सवाल:** जब आप कोरोना को मात देकर टीम के साथ जुड़े, तो अपने फॉर्म को पाने के लिए क्या किया?

**जवाब:** हम लोग कोविड के दो निगेटिव रिपोर्ट आने के बाद टीम के साथ जु? गए। जब हम प्रैक्टिस के लिए मैदान पर उतरे को कोच ऋषिकेश कानिटकर ने हमें कहा कि आप अपनी स्ट्रेंथ के बारे में सोचो और मैच में उसे इंप्रूव करो। मैंने मैच के दौरान वही किया, जो सर ने कहा था।

सवालः आप हैदराबाद के रहने वाले हैं, आपको बचपन में इनाम देने वाले खिला?ी वीवीएस लक्ष्मण आपके साथ थे, इसका आपको कितना फायदा मिला?

**जवाब:** सर मुझसे से लोकल लैंग्वेज में बात करते थे, ऐसे में मुझे अपनापन महसूस होता था। उन्होंने अपने अनुभवों को शेयर किया। उन्होंने बताया कि इंग्लैंड में किस तरह खेलना है, उसके तुरंत बाद भारत में जाकर किस तरह खेलना है। किन परिस्थितियों में हमें क्या करना चाहिए। किस तरह की पिच पर हमें किस तरह की रणनीति अपना चाहिए।

**सवाल:** आपके यहां तक के सफर में आपके पिता, और घरवालों का कितना सहयोग रहा?

**जवाब:** मेरी प्रैक्टिस के लिए मेरे पापा ने जॉब को छो? दिया। वे हमेशा मुझे ग्राउंड पर ड्रॉप करते थे। खराब आर्थिक स्थिति का मेरे ऊपर किस भी तरह का प्रभाव नहीं पड़ने दिया गया।

## रोहित सलामी बल्लेबाज के तौर पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले एकदिवसीय मुकाबले में 60 रनों की पारी खेलने के साथ ही पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का एक रिकॉर्ड तोड़ दिया। टीम इंडिया की ओर से एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सलामी बल्लेबाज के तौर पर रोहित अब सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गये हैं। इस मैच के बाद रोहित के अब एकदिवसीय क्रिकेट में सलामी बल्लेबाज के तौर पर 7298 रन हो गये हैं जबकि सहवाग के 7240 एकदिवसीय रन दर्ज हैं। रोहित से आगे अब सचिन तेंदुलकर और पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ही रह गए हैं। रोहित ने 2011 से लेकर 2022 के बीच भारत की ओर से 144 मैचों में पारी की शुरुआत की है और इस दौरान उन्होंने 57.46 के शानदार औसत और 92.35 के स्ट्राइक रेट से कुल 7298 रन बना लिए हैं। वहीं सहवाग ने भारत की ओर से 2001 से 2013 के बीच 204 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में पारी की शुरुआत करते हुए 36.93 के औसत और 104.85 के स्ट्राइक रेट से कुल 7240 रन बनाए हैं।






# कैटरीना कैफ से तुलना करते हुए मुझे फैटरीना तक कहा गया:जरीन खान



जरीन खान बोलीं- कैटरीना कैफ से तुलना करते हुए मुझे फैटरीना तक कहा गया बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान ने अपने करियर की शानदार शुरुआत की थी, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में अपनी अच्छी जगह नहीं बना सकीं। उन्होंने कहा कि वह एक सुंदर चेहरे से बहुत अधिक हैं, और उन्हें कभी भी कैटरीना कैफ जैसी लुकिंग से बाहर निकलने का मौका ही नहीं दिया गया। बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान ने अपने करियर की शानदार शुरुआत की थी, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में अपनी अच्छी जगह नहीं बना सकीं। उन्होंने कहा कि वह एक सुंदर चेहरे से बहुत अधिक हैं, और उन्हें कभी भी कैटरीना कैफ जैसी लुकिंग से बाहर निकलने का मौका ही नहीं दिया गया। 2010 में सलमान खान की 'वीर' के साथ अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत करने वाली जरीन ने सलमान की को-स्टार रह चुकीं कैटरीना के साथ अपनी शारीरिक समानता के लिए उस समय जमकर सुर्खियां बटोरी थीं। उन्होंने कहा कि, इस नैरेटिव को बढ़ावा देने में दर्शक भी दोषी हैं। उन्होंने बताया, 'हां, शुरुआत में, यह पूरी तरह से एक जैसी दीखने वाली बात थी। ईमानदारी से, मुझे भी यह नहीं पता है कि यह कहां से बाहर आया था। यहां तक कि मेरी तस्वीरों या मेरे इंटरव्यू के पहले से, मेरे फेसबुक अकाउंट की एक रैंडम इमेज इस दावे के साथ सर्कुलेट की जा रही थी कि वे कैटरीना कैफ की तरह दिखती हैं।' उन्होंने कहा, 'तब, सोशल मीडिया आज की तरह शक्तिशाली नहीं था, और हम मीडिया घरानों और समाचार पत्रों पर बहुत अधिक निर्भर थे। इसलिए, मुझे लगता है कि जनता को वास्तव में मुझे देखने और खुद से कोई परसेप्शन बनाने का मौका नहीं मिला। दर्शकों के सामने उन्हें यह गपशप के रूप में पेश किया गया। हमारे दर्शक भी इस मामले में थोड़े भोले हैं कि उनके सामने, जो कुछ भी पेश किया जाता है, वे उसी पर भरोसा कर लेते हैं और अपनी खुद की कोई परसेप्शन नहीं बनाते हैं।' उन्होंने बताया कि, उनका वजन भी एक मुद्दा बन गया।

## वरुण धवन अपनी फिल्म को नए अंदाज में प्रमोट करते आए नजर




बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन एक बार फिर से काम पर लौट चुके हैं। सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने वाले वरुण धवन ने सुबह इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह एक भेड़िया की तरह आवाज लगाते नजर आ रहे हैं। वरुण धवन ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें वह एक प्लेन के बाहर खड़े दिखाई दे रहे हैं और तभी भेड़िये की आवाज निकालने लगते हैं। दरअसल, वरुण धवन अपने आने वाली अगली फिल्म भेड़िया को प्रमोट कर रहे हैं। आयुष्मान खुराना ने एक मजाकिया अंदाज में कैप्शन पोस्ट किया- भेड़िया रे भेड़िया रे! मेरा दिल चुरा के ले जा। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि वरुण अपनी अगली फिल्म के लिए उड़ान पर सवार थे या नहीं। भेड़िया एक हॉरर-थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्माण दिनेश विजन कर रहे हैं, जबकि निर्देशन अमर कौशिक का है और इसमें अभिनय कृति सैनन, अभिषेक बनर्जी और दीपक डोबरियाल कर रहे हैं। भेड़िया अगले साल 14 अप्रैल को रिलीज होगी।

## माही विजअभिनेत्री के साथ-साथ ब्लॉगर भी बनीं

साल 2019 में जबसे अभिनेत्री माही विज एक बेटी तारा की मां बनी हैं, तबसे उनको जीवन में काफी उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा। जीवन में वह काफी व्यस्त रहने लगीं। बता दें कि अभिनेत्री माही विज ने दो बच्चों को भी गोद लिया हुआ है और अभिनेता जय भानुशाली से शादी की है और माही एक मां के रूप में अपनी यात्रा को लेकर ब्लॉग भी लिखती हैं। अभिनेत्री माही विज ने कहा, मुझे नहीं पता कि मैं एक सफल ब्लॉगर हूं या नहीं, लेकिन मैं कोशिश कर रही हूं। अब, जब मेरे पास एक यूट्यूब चैनल है, तो मैं युवा माताओं के लिए बहुत सारी चीजें डालने की कोशिश करती हूं। मुझे मां बनने का पहला अनुभव है, जिसका मैंने आनंद लिया है और गलतियां भी कीं। माही ने आगे कहा, मैंने अपने बच्चे के लिए जो भी किया है, वो सही है या गलत, लेकिन एक ही समय में अपनी गलतियों से बहुत सारी चीजें सीखी हैं। एक ब्लॉगर के रूप में यह अन्य माताओं की मदद करता है, क्योंकि वे आपकी जीवन यात्रा से संबंधित हो सकते हैं।

# डार्लिंग्स में विजय वर्मा की कास्टिंग के लिए आलिया भट्ट ने की थी सिफारिश



विजय वर्मा ने हाल ही में रेड चिलीज द्वारा आलिया भट्ट के साथ अपनी आगामी फिल्म डार्लिंग्स की घोषणा की है। गली बॉय में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद एक व्यक्ति उनसे इतना प्रभावित हुआ कि वे चाहती थी कि वह डार्लिंग्स का हिस्सा बनें और इसलिए, उनके नाम की सिफारिश भी की थी। विजय के एक करीबी सूत्र ने जानकारी दी, आलिया और विजय ने पहली बार गली बॉय में एक साथ काम किया था और वह उनके प्रदर्शन से इतना प्रभावित हुई कि उन्होंने वास्तव में डार्लिंग्स के लिए उनकी सिफारिश की, क्योंकि वह फिल्म का सह-निर्माण कर रही थी और टीम में हर कोई विजय के लिए तुरंत राजी हो गया। रेड चिलीज द्वारा हाल ही में एक डार्क कॉमिडी के रूप में डार्लिंग्स की घोषणा की गई थी और फैंस आलिया भट्ट व विजय वर्मा जैसे दो प्रतिभाशाली सितारों को पहली बार एक जोड़ी के रूप में स्क्रीन पर देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। विजय गली बॉय में मोईन की भूमिका में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद से एक व्यस्त व्यक्ति रहे हैं, यही वजह है कि उनके पास शी, मिर्जापुर 2, ए सुटेबल बॉय, घोस्ट स्टोरीज, बागी 3 आदि जैसे प्रोजेक्ट्स के साथ महामारी में भी कई रिलीज थी।

## बॉलीवुड में भी धमाका करने की तैयारी कर रहे केजीएफ स्टार यश

साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेता यश की सुपरस्टार फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 फिल्म इसी साल सिनेमा हॉल में रिलीज हो वाली है। फिल्म मेकर्स ने केजीएफ चैप्टर 2 की रिलीज डेट का खुलासा हाल ही में कर दिया है। केजीएफ चैप्टर 2 फिल्म साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म केजीएफ का सीक्वल है। फिल्म केजीएफ का क्लैश बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान की फिल्म जीरो से हुआ था लेकिन इसके बावजूद फिल्म की कमाई पर कोई खास असर नहीं दिखाई दिया था। उल्टा जीरो बॉक्स आफिस पर फ्लॉप हुई थी। अब केजीएफ चैप्टर 2 रिलीज के लिए तैयार है। जिसके लिए फैंस काफी ज्यादा उत्साहित है। केजीएफ की अपार सफलता के बाद बॉलीवुड के कई मशहूर फिल्ममेकर्स और डायरेक्टर अभिनेता यश के साथ काम करना चाहते है। मेकर्स चाहते हैं कि यश उनकी आगामी फिल्म का हिस्सा बने जिसके लिए अभिनेता को कई बड़े आफर्स तक दिए हैं। अभी इस वक्त की आई ताजा खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म '83' को प्रोड्यूस करने वाले विष्णु इंदूरी इन दिनों यश के साथ पैन इंडिया फिल्म बनाने को बातचीत कर रहे हैं। फिल्म की बातचीत को लेकर यश और विष्णु की कई मुलाकातें हुई है। प्रोड्यूसर ने कई डायरेक्टर से भी बात की है। क्योंकि विष्णु अपनी अगली फिल्म को इस साल तक फ्लोर पर लाने की तैयारी कर रहे है। जैसे ही अभिनेता यश फिल्म को साइन करेंगे फिल्म के निर्माण का काम तेजी से शुरु हो जाएगा। अब ऐसे में अगर मेकर्स के बीच सब ठीक रहा तो जल्द ही यश की अगली फिल्म का ऐलान कर दिया जाएगा।

# वेब शो क्रैश की स्क्रिप्ट पढ़ते ही अदिति शर्मा हो गईं इमोशनल

अदिति शर्मा ऑल्ट बालाजी के शो क्रैश में काजल के किरदार में हैं। वह इस शो के बारे में बताती हैं कि जब उन्होंने शो की पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ी थी, तो अपने आंसू रोक नहीं पाई थीं।

वेब सीरीज क्रैश जब से लांच हुआ है, उस वक्त से यह शो, आम शो से अलग होने के कारण चर्चे में बना हुआ है। ऑल्ट बालाजी ऐसे ही विभिन्न तरह के शोज के लिए एक खास प्लेटफॉर्म बन गया है। यह शो भावनात्मक होने के कारण, बैकग्राउंड में क्लासिक बॉलीवुड गाने बजने के कारण और मुंबई के आइकॉनिक लोकेशंस पर शूट होने के कारण बेहद लोकप्रिय हो गया है। अदिति शर्मा शो में काजल की भूमिका में हैं और शो में उनका बेहद इमोशनल और मजबूत किरदार है। जिन्होंने इसे गोद लिया है, उस मां के साथ लगातार इनके किरदार को संघर्ष करते हुए दिखाया गया है, क्योंकि वह महिला मानसिक रूप से स्थिर नहीं है और जो डिप्रेशन का शिकार हैं। इन सबके बीच काजल किस तरह से अपनी इस मां को संभालती है और उसकी बस एक ही ख्वाहिश होती है कि वह अपने भाई बहन के साथ दोबारा मिल जाए।

अदिति उन दिनों को याद करती हैं, जब उन्हें पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ने को दी गई थी। उन्होंने कहा, कहानी बिल्कुल दिल को छू लेने वाली है, यही वजह है कि जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी तो मैं रोने लगी थी। मुझे पूरा यकीन है कि जिसने भी इसे पढ़ा होगा, और अगर वह संवेदनशील होंगे, तो उनकी आंखों से आंसू नहीं थमे होंगे। हम सभी ने इस शो को अपना बेस्ट दिया है। यह मेरे करियर के लिए अबतक का बेस्ट लम्हा है, जिस पर मुझे फक्र है। मैं बहुत उत्साहित हूं कि लोग इसे देखें और उतना ही पसंद करें और प्यार दें, जितने प्यार से हम सबने इसे बनाया है। क्रैश सीरीज की



कहानी चार भाई बहनों की कहानी है। शो में कबीर का किरदार कुंज आनंद ने निभाया है। काजल का किरदार अदिति शर्मा निभा रही हैं। रहीम के किरदार में रोहन मेहरा हैं और आलिया का किरदार अनुष्का सेन ने निभाया है। ये सभी तब अनाथ हो जाते हैं, जब इनके माता-पिता की एक कार दुर्घटना में मौत हो जाती है और इसके बाद ये सभी बिछड़ जाते हैं और इन्हें अलग अलग परिवारों द्वारा गोद लिया जाता है। कबीर, जो कि सबसे बड़ा भाई है, उसे कोई गोद नहीं लेता है और वह बड़ा होकर पुलिस इंस्पेक्टर बनता है।

## सिनेमाघरों में 17 सितंबर को रिलीज होगी द बैटल ऑफ भीमा कोरेगांव

भारतीय इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय पर आधारित द बैटल ऑफ भीमा कोरेगांव सिनेमाघरों में 17 सितंबर को रिलीज होगी। रमेश थेटे द्वारा निर्देशित असल कहानी से प्रेरित इस फिल्म में अभिनेता अर्जुन रामपाल योद्धा सिद्धनाक महर इनामदार की भूमिका में दिखाई देंगे और यह लीड रोल होगा। इसके अलावा इसमें अभिनेत्री सनी लियोनी एक जासूस के किरदार में दिखाई देंगी। यह फिल्म दो शताब्दी पहले महाराष्ट्र में पेशवा शासन के युग में दर्शकों को वापस ले जाएगी। मशहूर कला निर्देशक नितिन देसाई ने भी इसमें काम किया है और वह पुराने काल को फिर से पर्दे पर जीवंत करने का काम करेंगे। निर्देशक रमेश, जो फिल्म के निर्माता भी हैं, उन्होंने इसके बारे में जानकारी देते हुए कहा, हम इसके परिणाम के बारे में बहुत सकारात्मक हैं और विपणन और वितरण के क्षेत्र को इनोवेटिंग बनाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया गया है। सितंबर बेहतर काम करता है।

# कुछ एक्सपेरिमेंट करने की सोच रही थी: दिव्या अग्रवाल



टीवी एक्ट्रेस दिव्या अग्रवाल इन दिनों अपने लेटेस्ट फोटोशूट को लेकर चर्चा में बनी हुई है। लेकिन हाल ही में उन्होंने टॉपलेस फोटोशूट करवाया है। जिसकी तस्वीरों और वीडियो को उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इन तस्वीरों में उन्होंने जींस पहनी है, लेकिन अपनी अपर बॉडी को सिर्फ फूलों के गुलदस्ते से कवर किया है। सोशल मीडिया पर ये तस्वीरें जैसे ही वायरल होने लगी तो वह ट्रोल्स के निशाने पर आ गईं। लोगों ने उनके कमेंट बॉक्स में भद्दे कमेंट किए, जिसके बाद उन्होंने भद्दे कमेंट के स्क्रीनशॉट दिव्या ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी शेयर किए हैं। दिव्या ने इसके साथ ही लिखा- एक कॉन्सेप्ट शूट किया और लोग पागल हो गए। आप नहीं बता सकते किसे क्या पहनना चाहिए। ट्रेडिशनल कपड़े या कुछ नहीं। दुख की बात है व्यक्ति का करेक्टर उसके कपड़ों से जज किया जाता है। हाल ही में उन्होंने कहा, मैं इस बारे में ज्यादा नहीं सोचती हूं। मैं ये भी ज्यादा नहीं सोचती हूं कि क्या पोस्ट करना चाहिए। ट्रोल्स सिरदर्द होते हैं। ये शूट मेरे पर्सनल इंस्टाग्राम के लिए कराया गया था। मैं कुछ एक्सपेरिमेंट करने की सोच रही थी। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि साल 2020 में मैं घर पर ही थी। आप समझ सकते हैं कि मैं किस चीज से गुजरी हूं। मैंने कुछ ऐसा करने का सोचा जो मैंने कभी नहीं किया था। मेरी सोच कभी अपनी बॉडी दिखाने की नहीं थी। मैंने ये कॉन्सेप्ट देखा और इसे ट्राई करने की सोचा। इससे ज्यादा कुछ नहीं है।

# कंप्यूटर पर काम करने वालों को इन चीजों का जरूर सेवन करना चाहिए



अगर आप कंप्यूटर लगातार पर काम करते हैं, तो आपको अपनी डाइट में कई सारी चीजें शामिल करने की जरुरत है। यह आपके हेल्थ को मेंटेन रखेगी। यहां हम आपको बता रहे हैं 8 ऐसी ही चीजों के बारे में जिन्हें कंप्यूटर पर काम करने वालों के लिए खाना जरूरी है....

1. हरा धनिया आंखों की रोशनी बढ़ाने में बहुत सहायक है, इसमें कैरोटेनॉइड होता है जो आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी है।
2. दही में प्रोबायोटिक्स बैक्टीरिया होते हैं, जिससे आपकी पाचनशक्ति ठीक रहती है। दही खाने से ज्यादा देर बैठे रहने से गैस की समस्या नहीं होती।
3. ग्रीन-टी स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक है। इसमें कैटेचीन होता है, जिससे मेटाबॉलिज्म बढ़ता है। मोटापा काफी तेजी से कम होता है। ऐसे में ग्रीन-टी पीना बहुत ही अच्छा है।
4. केले में पोटेशियम की मात्रा बहुत अधिक होती है, जिससे आपको तुरंत ही एनर्जी मिलती है। कंप्यूटर पर काम करते समय आपको थकावट का एहसास नहीं होता है।
5. सेब में फाइबर की मात्रा बहुत अधिक होती है, जिससे डाइजेशन पूर्ण रूप से सही रहता है और गैस की समस्या नहीं होती।
6. नींबू पानी में विटामिन-सी की मात्रा बहुत अधिक होती है। ज्यादा देर तक कंप्यूटर पर काम करने से थकान महसूस होती है। अगर आप नींबू पानी का सेवन करेंगे तो यह समस्या नहीं होगी।
7. दूध प्रोटीन और विटामिन ए का भरपूर स्रोत है। यह ताकत और आंखों की रोशनी के लिए बहुत उपयोगी है।
8. चॉकलेट के कई फायदे हैं तो कई नुकसान भी। इसमें एंटी ऑक्सीडेंट होते हैं, जो शरीर की इम्युनिटी बढ़ाने में सहायक होते हैं। लगातार कंप्यूटर पर बैठने की वजह से होनेवाले कमर-दर्द में भी राहत मिलती है।

## सेहत के लिए फायदेमंद है दिन में इतनी मात्रा में वाइन सेवन!



आजकल तो लोग अक्सर पार्टी या ऐसे ही अल्कोहल का सेवन करने है। कुछ लोगों को तो शराब पीना बहुत पसंद होता है। अक्सर आपने सुना होगा शराब का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है लेकिन क्या आप जानते है सही मात्रा में इसका सेवन सेहत के लिए अच्छा होता है। हाल ही एक रिसर्च में बताया गया है कि दिन में 2 गिलास वाइन का सेवन अल्जाइमर बीमारी को दूर करने में मदद करता है। इसके अलावा यह सेहत ही नहीं बल्कि स्किन के लिए भी बहुत फायदेमंद होती है। इस रिसर्च में बताया है कि कुछ मात्रा में शराब या वाइन का सेवन दिमाग से टॉक्सिक को बाहद निकालता है, जोकि अलजाइमर के मरीजों के लिए फायदेमंद है। इसके अलावा इसे पीने से दिल के रोग और कैंसर का खतरा भी कम हो जाता है। अमेरिका में यनिवर्सिटी ऑफ रोचेस्टर की मैकेन नेडरगार्ड ने बताया कि लगातार लंबे समय और पूरा दिन इसका सेवन सेहत को नुकसान पहुंचाता है। लेकिन दिन में 2 गिलास अल्कोहल का सेवन फायदेमंद होता है। वाइन या दूसरी अल्कोहल का सेवन मेटाबॉलिज्म सही करके वजन कम करने में मदद करता है। इसके अलावा इससे अनिद्रा, मुंह की बदबू, कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल, शरीर की सूजन, पाचन शक्ति मजबूत और पेट की समस्याओं को दूर करने में मदद करता है।

## फिर कश्मीर राग

दुनिया भर में कश्मीर के मुद्दे पर दुत्कारे जाने के बाद अब पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे को लेकर चीन की चौखट पर पहुंचा है। हालांकि, यहां भी उसे आश्वासन और एक बयान के अलावा कुछ खास हासिल नहीं हुआ। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान विटंर ओलंपिक की ओपनिंग सेरेमनी में शामिल होने के लिए चार दिन के दौरे पर बीजिंग पहुंचे थे। इसके आखिरी दिन उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। इमरान ने इस मुलाकात में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे में आ रही अड़चनों और चीनी वर्कर्स पर बार बार हो रहे हमलों के बारे में भी बात की। कश्मीर को लेकर चीन की तरफ से कहा गया कि वो किसी भी एकतरफा कार्रवाई का विरोध करता है और कश्मीर मुद्द को ठीक से और शांति से हल करने का आह्वान करता है। इससे पहले भी इमरान कई फोरम पर कश्मीर का मुद्दा उठा चुके हैं, मगर हर जगह से उन्हें नाकामी हाथ लगी। थक हारकर उन्होंने अपना स्टैंड बदला और यह कहा कि वे भारत के साथ अच्छे रिश्ते बनाए रखने और कश्मीर सहित सभी मसलों को बातचीत के जरिए सुलझाने के पक्ष में हैं, अगर भारत एक कदम बढ़ता है तो हम दो कदम बढ़ेंगे। उनके इस कथन में भी कश्मीर राग छिपा था, सो भारत ने उनकी पहल को नकार दिया। भारत का शुरू से दृढ़ मत रहा है कि कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है। भारत हमेशा से कहता आया है कि कश्मीर मसले पर वह पाकिस्तान के साथ बातचीत को हमेशा तैयार है, लेकिन इसके लिए सबसे पहले वह सीमापार आतंकवाद को बंद करे। लेकिन जब इमरान यह तक कह रहे हैं कि पाकिस्तान कश्मीरी लोगों को नैतिक, राजनीतिक और कूटनीतिक समर्थन देता रहेगा, तो फिर कश्मीर मसला बातचीत से सुलझाने की गुंजाइश ही कहां रह जाती है! साफ है कि पाकिस्तान वही करेगा जो अब तक करता आया है। पाकिस्तान में पीटीआई की सरकार बनी ही सेना के समर्थन से है। इसलिए कश्मीर मसले पर सरकार का रुख सेना से अलग कैसे हो सकता है! पाकिस्तान की सेना कश्मीर को भारत के खिलाफ बड़े हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की रणनीति पर चलती आई है। पाकिस्तान का इतिहास बताता है कि अब तक जितनी भी निर्वाचित सरकारें सत्ता में रहीं या जो सैन्य शासक रहे, कश्मीर पर सबका एक ही रुख रहा है और अल्वी भी इसी रास्ते पर बढ़ रहे हैं। दरअसल, अभी तक भारत के प्रति पाकिस्तान के रवैए में कोई बड़ा सकारात्मक बदलाव नजर नहीं आया है। विशेषज्ञ कह रहे हैं कि भारत सरकार फिलहाल %देखो और प्रतीक्षा करो' की नीति पर चले, यही बेहतर है। इमरान खान सरकार के सामने इस वक्त सबसे बड़ी चुनौती पाकिस्तान का आर्थिक संकट है। देश की अर्थव्यवस्था पेंदे में जा चुकी है। पाकिस्तान तीस खरब डॉलर के कर्ज में डूबा है। भारत साफ कह चुका है कि पड़ोसी देश से बात तभी हो सकती है जब माहौल अनुकूल होगा। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि घाटी में पाकिस्तान-परस्त तत्वों की सक्रियता की एक बड़ी वजह अनुच्छेद 370 ही था। वे इस अनुच्छेद को इस रूप में पेश करते थे, जैसे कश्मीर भारत से भिन्न् है और उसे देश से अलग होने का अधिकार है। इस अनुच्छेद का खात्मा केवल इसलिए जरूरी नहीं था कि वह अलगाववादियों की आड़ और औजार बन गया था, बल्कि इसलिए भी था, क्योंकि उसके जरिए पाकिस्तान यह दुष्प्रचार करने में समर्थ था कि उसे इस भारतीय भू-भाग में दखल देने का अधिकार है। अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद पाकिस्तान बुरी तरह बौखलाया तो इसीलिए कि वह कश्मीर का राग अलापने की फर्जी आड़ से हाथ धो बैठा।

# आखिर टूट ही गई लता मंगेशकर की जिंदगी की लड़ी!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**



मुंबई के ब्रीच कैंडी अस?पताल में 28 दिन भर्ती रहने के बाद भारत की स्वर कोकिला और भारत रत्न से सम्मानित लता मंगेशकर की जिंदगी की लड़ी आखिर टूट ही गई । लता मंगेशकर को 28 दिन पहले सांस की तकलीफ के चलते अस?पताल में भर्ती कराया गया था। सब की दुआओं और प्रार्थनाओं के बावजूद लता मंगेशकर का स?वास?थ?य ठीक नही हो पाया और वे चल बसी।

स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने मात्र 5 साल की उम्र में ही अपने पिता के मराठी संगीत नाट्य में कार्य किया था । सन 1942 में इनके पिता की मौत हो गई। इस दौरान ये मात्र 13 वर्ष की थीं। नवयुग चित्रपट फिल?म कंपनी के मालिक और इनके पिता के दोस?त मास?टर विनायक ने इनके परिवार को संभाला और लता मंगेशकर को एक सिंगर और अभिनेत्री बनाने में भरपूर मदद की।

लता मंगेशकर का जन्म 28 सितंबर सन 1929 को मध्य प्रदेश के इंदौर में हुआ था। इनके पिता दीनानाथ मंगेशकर, प्रतिभाशाली शास्त्रीय गायक और थिएटर अभिनेता थे, और माँ शुधमती थी, जोकि माई के नाम से भी जानी जाती थी, इनके पाँच प्रतिभाशाली बच्चों में से लता मंगेशकर सबसे बड़ी है। लता मंगेशकर के अन्य भाई-बहनों के नाम- हृदयनाथ, आशा, ऊषा और मीना हैं; ये सभी सफलता की बुलन्दियों को छूने के साथ मराठी और हिंदी संगीत उद्योग में प्रतिष्ठित रहे हैं।

लता मंगेशकर बहुत कम उम्र से ही अपने पिता के गायन और के.एल. सहगल के संगीत से प्रभावित रही। लता मंगेशकर के पिता ने उनके गायन की प्रतिभा को प्रोत्साहित किया। पिता का देहान्त हो जाने के बाद लता ने अपने घर का भरन-पोषण करने के लिए फिल्मों में अभिनय करना शुरू कर दिया। सन1942 में, लता मंगेशकर ने पहली बार मंगलागौर' में अभिनय किया। इसके बाद लता मंगेशकर ने माझे बाल(1944), चिमुकला संसार(1943), गजभाऊ(1944), बड़ी माँ(1945), जीवन यात्रा(1946) और छत्रपति शिवाजी(1952) फिल्मों में अभिनय किया और अपनी अभिनय कला सिद्ध की।लता मंगेशकर ने अपने संगीत सफर की शुरुआत मराठी फिल?मों से की। इन?होंने मराठी फिल?म %किटि हासल% (1942) के लिए एक गाना %नाचुं या गडे, खेलूं सारी मनी हस भारी% गाया, मगर अंत समय में इस गाने को फिल?म से निकाल दिया गया। इसके बाद विनायक ने नवयुग चित्रपट की मराठी फिल?म %पहली मंगला गौर% (1942) में कार्य किया और फिल?म में गाना %नातली चैत्राची नावलाई% गाया।


वर्ष 1947 में लता मंगेशकर के जीवन ने एक नया मोड़ लिया। भारत के विभाजन के बाद, उस समय के लोकप्रिय गायक नूर जहान और कई निर्देशकों ने देश छोड़ दिया था ,जिसने लता मंगेशकर के लिए सफलता के दरवाजे खोल दिए। स्वतंत्रता के बाद, लता मंगेशकर ने सन 1947 की मुख्य फिल्म 'आपकी सेवा' में गीत गाए, इस फिल्म के गीतों ने इन्हें फिल्मी उद्योग में अद्भुत सफलता दिलवाई और सन 1949 में गीत 'आयेगा आनेवाला' भी काफी लोकप्रिय हुआ।सन 1950 के दशक तक, लता मंगेशकर ने खुद को फिल्मों में एक गायिका के रूप में स्थापित कर लिया था। लता मंगेशकर उस समय के कुछ महान संगीत निर्देशकों जैसे अनिल विश्वास और शंकर-जयकिशन के साथ काम करती थीं। लता मंगेशकर ने 'एक थी लड़की', 'महा', 'बड़ी बहन' और 'बरसात' जैसी फिल्मों में गीत गाए, जिसने उन्हें और अधिक सफल गायिका बना दिया। लता मंगेशकर ने लगभग सभी प्रमुख संगीत निर्देशकों के साथ काम किया और तीन दशकों तक हिंदी फिल्म उद्योग पर छायी रहीं, वह फिल्मी गीतों की निर्विरोध म्यूजिकल क्वीन कही जाती थी। लता मंगेशकर ने कुछ प्रसिद्ध संगीत निर्देशकों जैसे आर. डी. बर्मन, सलिल चौधरी, एस.डी. बर्मन, नौशाद, सी. रामचंद्र और मदन मोहन और कई अन्य हस्तियों के साथ गीत गाए। लता मंगेशकर के यादगार गीतों में से कुछ गीत उनके प्रशंसकों के दिल पर आज भी राज करते हैं, उनमें राम तेरी गंगा मैली'(1986), 'लेकिन'(1990), 'जंगली'(1961), 'जब जब फूल खिले' (1965) आदि शामिल है।

सन 2001 में, भारत सरकार ने लता मंगेशकर को सर्वोच्च भारतीय नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा था।जो संगीत व गायन के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है।स्वर कोकिला लता मंगेशकर से सन 2010 में उत्तराखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल ÷निशंक÷ व उनके साथ रुड़की के साहित्यकार डॉ योगेंद्र नाथ शर्मा अरुण साथ मुम्बई में मिलने उनके आवास पर गए। उस समय भी वे अस्वस्थ थीं और अस्पताल जा रही थी। उसी समय डॉ अरुण ने यह दोहा रचा

÷लय औ ताल दोनों मिले,
जीवन है संगीत।
तानसेन की आत्मा,
बैजू की है प्रीत।÷

यह दोहा जब लता जी को उन्होंने सुनाया,तो वे गद-गद हो गई और उनसे लगभग 15 मिनिट बातें की। डॉ ÷निशक÷ ने उन्हें अपना काव्य-संग्रह ÷ऐ वतन तेरे लिए÷की प्रति भेंट की तो उन्होंने पुस्तक में छपे कुछ गीतों को गाने का वायदा किया था, जो बाद में पूरा भी किया। इस चित्र में डॉ ÷निशक÷ और डॉ योगेन्द्र नाथ शर्मा ÷अरुण÷ के साथ मुंबई के हास्य-व्यंग्य कवि डॉ मुकेश गौतम भी हैं। मां सरस्वती की महान पुत्री लता मंगेशकर का सरस्वती दिवस बसंत पंचमी से अगले दिन जाना यह सिद्ध करता है कि उनकी आत्मा ,स्वर और शरीर तीनो में सरस्वती विराजित रही।उन्हें शत शत नमन।

## अलबिदा लता....!



रो पड़ीं स्वर लहरियाँ
निनाद शांत हो गया
इक आवाज़ क्या ठहर गई
संगीत क्लांत हो गया
आरोह शांत हो गया
अवरोह शांत हो गया
स्वर कोकिला के स्वर रुके
शोक संतप्त दिगंत हो गया
शहनाई भी तडप उठी
वीणा का तार झुक गया
अवरुद्ध कंठ हो गये
वाणी पर विराम हो गया

स्वरों का श्रृंगार लुट गया
करुणा भी चित्कार उठी
प्रेमियों का प्यार लुट गया
हर रस को जिसने वाणी दी
आज वो सितार लुट गया
वाग्पुत्री का निधन हुआ
सरगम का साज चुप हुआ...!
कहने को अब न कुछ रहा
अश्रुओं के साथ बस
अब अलबिदा कहते लता,
बस अलबिदा कहते लता..

**-संगीता अग्रवाल**

# गुलामी के प्रतीकों से लगाव की दूषित मानसिकता!

**डॉ राघवेंद्र शर्मा**



भारत में विभिन्न राष्ट्रीय पर्वों पर ढोए जाने वाले गुलामी के प्रतीक चिन्हों को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा तेजी से बदला जा रहा है। इससे गुलाम मानसिकता और भारत के बाहर स्थित अन्य राष्ट्रों में अपनी निष्ठाएं रखने वाले दलों व उनके नेताओं में बेचैनी का माहौल है। हाल ही में देश की राजधानी दिल्ली में गणतंत्र दिवस मनाया गया तो उसके समापन समारोह पर होने वाली बीटिंग रिट्रीट में से एक ऐसे गीत को हटा दिया गया, जिसका भारतीय संस्कृति, स्वाभिमान अथवा संप्रभुता से किसी भी प्रकार का सरोकार नहीं था। उसे ब्रिटिश मूल के एक कवि द्वारा रचा गया था और वह केवल और केवल ब्रितानी साम्राज्य को ही समर्पित था तथा उससे गुलामी मानसिकता की बू आती थी। उसके स्थान पर एक ऐसा गीत ऐ मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी जोड़ा गया जो हमारी सेना के जवानों को समर्पित है। इस परिवर्तन को लेकर देशभर से जो बधाइयां और शुभकामनाएं संदेश आ रहे हैं, उन्हें देख सुनकर यह संतुष्टि प्राप्त होती है कि नागरिकों ने इस परिवर्तन को मुक्त कंठ से सराहा है और उसे हृदय से ग्रहण किया है। लेकिन यह जानकर आश्चर्य हुआ कि राष्ट्रीय निष्ठाओं के हित में किया गया यह परिवर्तन चंद राजनीतिक दलों, उनके नेताओं और उंगलियों पर गिने जा सकने वाले स्वयंभू प्रबुद्धजनों को रास नहीं आ रहा है। यह जानकर केवल बुरा ही नहीं लगा, मन व्यथित भी हुआ और अंतर्मन में यह सवाल उठ खड़ा हुआ कि देश के एक खास वर्ग, चुनिंदा राजनीतिक दलों और तथाकथित प्रबुद्ध जनों को वह सब क्यों भाता है, जिसे स्मरण करने मात्र से दासता अथवा गुलाम मानसिकता के जीवंत बने रहने का एहसास पैदा होता है। कौन हैं यह लोग? जो राष्ट्रीय स्वाभिमान, संस्कार और संस्कृति को मानने वालों को हमेशा दकियानूसी, सांप्रदायिक और संकुचित मानसिकता वाली दक्षिणपंथी विचारधारा का पोषक साबित करने में जुटे रहते हैं। जहां तक मेरा अध्ययन है, ये शब्द उन नेताओं, राजनीतिक दलों और कथित प्रबुद्ध जनों ने गढ़े हैं, जो खुद को वामपंथी विचारधारा का समर्थक मानकर गौरव का अनुभव करते हैं। यह खुद को वामपंथी मानें या फिर कुछ और, इसमें किसी को क्या एतराज हो सकता है? लेकिन इन्हें यह अधिकार किसने दिया कि जिनके विचारों से इनकी भारत के बाहर स्थित निष्ठाएं मेल नहीं खातीं, यह उन्हें दक्षिणपंथी, सांप्रदायिक और दकियानूसी शब्दों से पुकारना शुरू कर दें? सही बात तो यह है कि भारतीय संस्कृति में दक्षिणपंथी जैसी विचारधारा कोई थी ही नहीं और ना वर्तमान में ही है। किंतु हां, दो विचारधाराएं यहां लंबे अरसे से देखने को मिल रही हैं। इनमें से एक है सेक्यूलर वाद, जिसमें वामपंथी विचारधारा भी निहित है। इनका भारतीय संस्कृति और उसके गौरवशाली इतिहास से कोई लेना देना नहीं है। भारतीय शब्दावली में इसे धर्मनिरपेक्षता वाद कहा गया है। धर्म निरपेक्ष यानी कि जो धर्म से ही निरपेक्ष है, उस के पक्ष में कतई नहीं। दूसरी वह विचारधारा, जिसे इन्हीं के जैसे इतिहासकारों और तथाकथित प्रबुद्ध जनों ने राष्ट्रवाद का नाम दे रखा है। यह वह विचारधारा है जिसमें राष्ट्रीयता, अपनी संस्कृति और संस्कारों से प्रेम निहित हैं। इसमें धर्म युक्त आचरण अपेक्षित है और धर्म को सही मायने में दायित्व माना गया है। उदाहरण के लिए- पुत्र का पालन पोषण पिता का धर्म, माता पिता की सेवा पुत्र का धर्म, नागरिकों का हित करना राष्ट्र धर्म और राष्ट्र की रक्षा करना नागरिक का धर्म माना गया है। इनके लिए कहा जाने वाला दक्षिणपंथी अथवा राष्ट्रवादी शब्द सर्वथा गलत है। भारत का किसी भी वाद से कभी कोई लेना-देना रहा ही नहीं। पश्चिमी इतिहासों का अध्ययन करने के बाद हम यह पाते हैं कि वाद का प्रादुर्भाव पश्चिमी मूल के इज्म शब्द से हुआ है। यदि पश्चिमी इतिहासकारों द्वारा रचित साहित्य की बात करें तो उसमेंइज्म अथवा वाद उस प्रक्रिया को कहा गया है, जो अपना अधिपत्य अथवा मत बलात् स्थापित करने या फिर दूसरों पर थोपने हेतु बलपूर्वक अपनाई गई। इस दृष्टि से देखा जाए तो विदेशी और खासकर पश्चिमी सभ्यता से प्रभावित वामपंथियों, धर्मनिरपेक्षता वादियों द्वारा दिए गए राष्ट्रवाद जैसे शब्दों को सही नहीं ठहराया जा सकता।

# इक्कीस महीनें पहले चुनावी चिंता

### सूडोकु नवताल- 5977

✱✱✱✱✲ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5976 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

**ओमप्रकाश मेहता**

**चुनावी लाभ के लिए अभी से बजट पर फोकस....?**



मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव अगले साल के अंत (नवम्बर 23) में होंगे अर्थात् विधानसभा चुनावों के लिए अभी इक्कीस महीनों का समय शेष है, किंतु मुख्यमंत्रित्व काल के करीब साढ़े पन्द्रह साल पूरे करने वाले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को अभी से अपनी अगली पारी की चिंता सताने लगी है... उन्होंने भाजपा विधायकों को बुलाकर कह दिया है कि अगले चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए वे राज्य के बजट हेतु यथाशीघ्र अपने क्षेत्र के जनहित कार्यों के सुझाव प्रस्तुत करें। शिवराज जी पूरे राज्य का राजनीतिक तानाबाना अभी से तैयार कर रहे है तथा पूरे राज्य के विभिन्न कार्ययोजनाओं की सूची बनाकर व प्राथमिकता तय कर कुछ परियोजनाएं इस वित्तीय बजट में तथा शेष अगले वित्तीय बजट में रखकर चुनाव पूर्व सभी जनहितैषी कार्ययोजनाएं पूरी करना चाहते है, जिससे कि अगले साल चुनाव के पूर्व ही वे प्रदेश के मतदाताओं को अपने पक्ष में प्रभावित कर सकें। मध्यप्रदेश का बजट अगले कुछ ही दिनों में विधानसभा में प्रस्तुत होने जा रहा है, जिसकी रूपरेखा की शासकीय स्तर पर शुरूआत हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने निर्धारित समयसीमा में अपने दल के विधायकों को अपने क्षेत्र के सुझाव प्रस्तुत करने को कहा है। वैसे राजनीतिक तौर पर यह माना जा रहा है कि बजट से राजनीतिक लाभ लेने की सोच शिवराज जी की अपनी नही है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी केन्द्र के बजट को लेकर देश के पार्टी कार्यकर्ताओं व जन प्रतिनिधियों को आम वोटर तक बजट का लाभ पहुंचाने की अपील की है। केन्द्र का बजट संसद में पिछले दिनों ही प्रस्तुत हुआ है, प्रधानमंत्री चाहते है कि केन्द्र व राज्यों के बजट में 'आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था' को प्राथमिकता दी जाए, जिससे कि हमारी विदेश आधारित निर्भरता कम हो सके तथा देश की जनता लाभान्वित हो भाजपा को इसका श्रेय देकर अगले चुनावों में पार्टी का विशेष ध्यान रखें। प्रधानमंत्री जी ने पिछले दिनों देश के भाजपाशासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों तक अपना यही संदेश पहुंचाया है, जिसकी प्रतिच्छाया शिवराज सिंह जी की विधायकों के नाम अपील में दिखाई दी। इस तरह यदि अगले सभी बजट भाजपा के राजनीतिक स्वार्थ सिद्ध करने वाले हो तो आश्चर्य की किया जाना चाहिये। बजट पर फोकस करने के साथ ही मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने गरीबों को लाभन्वित करने वाली कार्य योजनाओं पर प्राथमिकता से काम करने की अपील की है। उदाहरण स्वरूप गरीबों के लिए चलाई जा रही आवास, स्वास्थ्य व रोजगार योजनाएं प्राथमिकता से चलाने की अपील की है। ग्रामीण आवास (प्लस) योजना के तहत तीस लाख नए हितग्राहियों को जोड़ने की योजना है।

शिवराज जी ने अपने दल के विधायकों के साथ राज्य सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों को भी चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि वे पार्टी विधायकों के प्रस्तावों पर गंभीर चिंतन कर उन्हें अपने अंजाम तक पहुंचाये, शिकायत मिलने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि भाजपा को पिछले विधानसभा चुनावों में मध्यप्रदेश में काफी कटु अनुभव प्राप्त हुआ था, जब भाजपा विधानसभा में बहुमत से दूर रह गई थी और कांग्रेस ने कमलनाथ जी के नेतृत्व में सरकार बना ली थी किंतु कांग्रेस अपना आंतरिक कलह संभाल नहीं पाई और राज्य के प्रभावी युवा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने दो दर्जन समर्थक विधायकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया और यहां शिवराज जी पुन॰ मुख्यमंत्री बन गए बाद में राज्यसभा में आकर सिंधिया जी भी केन्द्र में मंत्री बन गए। अत॰ इस ताजे पुराने कटु अनुभव को दृष्टिगत रखते हुए यहां भाजपा अभी से फूंक-फूंक कर अपने अगले कदम रख रही है और इसीलिए विधानसभा चुनावों के इक्कीस महीनें पहले चुनावी बुनावट शुरू कर दी गई है। इस प्रकार कुल मिलाकर कांग्रेस चाहे अभी भावी चुनावों को लेकर जागृत न हुई हो।

## महका करेंगे-

**राकेश कुमार वर्मा**

बसंतऋतु नवांकुरों की चैतन्यता का प्रतीक है। स्वर्णिम (हेमा अर्थात स्वर्ण, लता जी के बचपन का नाम) लता की यशकाया से आलौकित यह प्रकृति विश्व कल्याण के लिए कोलाहलपूर्ण संगीत से विरक्त मानवीय गुणों का सृजन कर उसके उत्सर्ग का आह्वान करती है। यह संयोग ही है कि जब देश 'जकितना बदल गया इंसान.. के सर्जक महान कवि प्रदीप की जयंती मना रहा था तभी लता जी का स्वर उखड़ गया। आजादी का उत्सव मनाने के लिए वाग्धारा की शक्ति, उसकी अनिवार्यता की पर्याय से किवदंती रहीं लता ने फिल्म महिती मंगलागौर के 'नटकी चैगाची..' गीत से इस जगत में पदार्पण किया। किताबी ज्ञान के विद्यालय से वंचित होने के बावजूद अल्पायु में ही रागपूरिया धनाश्री के रियाज से लता ने वह मुकाम हासिल कर लिया जिसमें पंडित कुमार गंधर्व को कहना पड़ा-'जिस कण(लयकारी का सूक्ष्म भेद) या मुरकी को कण्ठ से व्यक्त करने में कुशल शास्त्रियों को आकाश-पाताल एक करने जैसी मशक्कत करनी पड़ती है, लता उसे सहजता ही पूर्ण करती हैं। उनके सुर से प्रभावित उनके गुरु उस्ताद बड़े गुलाम अली रियाज रोककर उनकी दाद देने को बाध्य होते हैं । गीतो की शाब्दिक शुचिता से उनका गहरा सरोकार था शायद इसलिए फिल्म ऑखो-ऑखों के एक गीत में 'चोली' शब्द की आपत्ति पर फिल्मकार जे ओमप्रकाश को गीत के बोल ही बदलने पड़े। जटिल धुनों के जादूगर सलिल चौधरी का 'ओ...सजना, बरखा बहार...सहजतापूर्वक पूर्ण कर उन्हें विस्मित करने वाली लता ....गैरों पे करम...., प्रभु तेरो नाम.....जिन्दगी की न टूटे लड़ी ...जैसे गीतों में अपना लोहा मनवाया। जाहिर है इतनी बड़ी सख्सियत का जीवन भी रहस्यों से अछूता नहीं रहा। शहीद जैसी फिल्मों के निर्माता शशधर की तरह बॉलीवुड के फ्यूजन किंग संगीतकार ओंकार प्रसाद नैयर भी लता के स्वर को मुफीद नहीं मानते। उन्हें उनकी आवाज में पाकीजगी(गांभीर्य, पवित्रता) की गुरता लेकिन शोखी का अभाव नजर आता है। हालांकि बाद में उन्होंने अपनी भूल स्वीकार की किंतु लता के स्वर के साथ अपना नाम अंकित कराने के गौरव से वे वंचित रह गये। राजस्थान के तत्कालीन राजपुत्र राजसिंह डूंगरपुर से निकटता के बावजूद उनके पिता की शाही परिवार में विवाह की इच्छा को महत्व देते हुए ताउम्र अविवाहित रहीं। महान गायक भूपेन्द्र हजारिका के साथ संबंधों को लेकर उनकी पत्नी प्रियंवदा के आरोप पर वे संयमित रहने लगीं। अपने अर्द्धशतक सुरयात्रा में 30 हजार से अधिक गीत व 35 से अधिक भाषाओं के अनुपम कीर्तिमान के साथ 'मेरी आवाज ही पहचान है'.।

# हाईवे पर बाइक सवार बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल में रोकी बस, ताबड़तोड़ फायरिंग कर 2 को किया लहूलुहान



## क्षत्रिय समाज की बस पर नौकरी कर रहे सजातीय लोगों को पीटा

**मुरैना।** मंगलवार की दोपहर मुरैना से ग्राम मृगपुरा जा रही एक बस को घड़ियाल केंद्र के पास हाईवे पर तीन बाइक पर सवार होकर आए 9 बदमाशों ने बाइक अडाकर फिल्मी स्टाइल में रोक लिया और ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। बस पर नौकरी कर रहे गुर्जर समाज के दो युवकों को भी उक्त लोगों ने पीटकर घायल कर दिया, जिससे बस में बैठे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और दहशत का माहौल बन गया। पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही बदमाश मौके से भाग निकले, फिलहाल पुलिस द्वारा 4 नामजद आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर उनकी तलाश आरम्भ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर 3 बजे मनोज सिंह सिकरवार निवासी मुरैना की चंबल बस जो कि मृगपुरा के लिए जाती है वह अपने समय पर रवाना हुई और 3:15 बजे हाईवे पर घडियाल केंद्र के आगे पहुंची, तभी पीछे से तीन बाइक पर 9 बदमाश सवार होकर आए और कट्टा लहराते हुए बस के आगे फिल्मी स्टाइल में खड़ा कर बस को रोक लिया। बस के रुकते ही बदमाशों ने कट्टे से फायर कर बस के शीशे क्षतिग्रस्त कर दिए, वहीं टायर में गोली मारकर उसे फाड़ दिया। अचानक गोलीबारी से बस में बैठे यात्री घबरा गए और बस से उतरकर इधर-उधर भागने लगे। बदमाशों ने चंबल बस पर नौकरी कर रहे रामू गुर्जर एवं राम लखन गुर्जर को घेरकर जमकर पीटा और पत्थरों से चोटिल कर दिया। प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि बदमाश रामू और राम लखन से बोल रहे थे कि तुम क्षत्रियों की गाड़ी पर क्यों नौकरी कर रहे हो और इसी बात पर उनकी पिटाई कर दी। काफी देर उत्पात मचाने एवं पुलिस के पहुंचने से पूर्व बदमाश वहां से भाग निकले। सूचना मिलते ही पुलिस के साथ-साथ बस मालिक भी वहां पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। इधर चंबल बस सर्विस के संचालक ने सिविल लाइन थाने में 4 नामजद आरोपी शैलू गुर्जर, मुकेश गुर्जर, लोकेंद्र गुर्जर, अतेंद्र गुर्जर सहित नौ लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि तत्कालीन एसपी सुनील कुमार पांडे के समय क्षत्रिय -गुर्जर समाज में फैली कड़वाहट के बाद से ही गुर्जर समाज के लोग क्षत्रियों को नुकसान पहुंचाने की वारदात कर रहे हैं। अभी कुछ समय पूर्व ही धौलपुर निवासी विनय परमार के 22 चक्का ट्रक पर भी इसी स्थान पर कट्टो से हमला कर उसके 8 टायर फाड़ दिए थे।

## टोल प्लाजा पर तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में मारी टक्कर, लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

**मुरैना।** छोंदा टोल प्लाजा पर खडी मोटरसाइकिल में कंटेनर चालक ने टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल में भीषण आग लग गयी और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार ग्वालियर से मुरैना की तरफ आ रहे मोटरसाइकिल सवार ने अपनी मोटरसाइकिल को टोल प्लाजा के पास सड़क किनारे खड़ा कर दिया था, उसके बाद पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे कंटेनर चालक ने टोल प्लाजा के पास बाइक में टक्कर मारते हुए मोटरसाइकिल को घसीट कर करीब 100 मीटर तक ले गया। उसके बाद मोटरसाइकिल में अचानक आग लग गई और आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। टक्कर मारने के बाद कंटेनर चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई और पुलिस मौके पर पहुंच गई। बताया जाता है कि कंटेनर चालक मोटरसाइकिल में टक्कर मारने के बाद बेरिकेड्स को तोड़ते हुए भाग गया। फिलहाल सिविल लाइन थाना पुलिस कंटेनर चालक को पकड़ने में जुटी हुई है। कंटेनर चालक की लापरवाही से हुई यह दुर्घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इसके साथ ही टोल कर्मचारियों ने कंटेनर को रोकने की कोशिश की, लेकिन कंटेनर चालक स्पीड में ट्रक कंटेनर को भगाता हुआ ले गया। गनीमत ये रही कि इस हादसे में कोई भी हताहत नहीं हुआ है।



## हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, बलात्कार के फरार आरोपियों पर एसपी ने किया इनाम घोषित

**मुरैना।** पुलिस अधीक्षक द्वारा 1 सप्ताह के अंदर जिले में पुलिस की आमद दर्ज करा दी है और लगातार वर्किंग में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक ने हत्या, हत्या के प्रयास, लूट एवं बलात्कार के मामलों में फरार चल रहे डेढ़ दर्जन आरोपियों पर ईनाम घोषित किया है और थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश फेरारियों को गिरफ्तार करने के लिए दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को पत्र लिखकर फेरारी की सूचना देने को कहा है।

# भगवान श्री कृष्ण ने किया था परीक्षित का नामकरण: कान्हाजी

**मुरैना।** उत्तम पैलेस तुलसी कॉलोनी मुरैना में इन दिनों श्रीमद भागवत महापुराण की कथा का आयोजन किया जा रहा हैं। कथा का वाचन चंबल धरा के गौरव श्रीमद वल्लभाचार्य षष्ठम पीठ मथुरा के कृपापात्र शिष्य पं कान्हाजी महाराज सुसानी वाले कर रहे हैं। कथा के दूसरे दिवस उत्तरा के गर्भ की रक्षा और कुंती द्वारा भगवान की स्तुति राजा परीक्षित के चरित्र को विस्तार पूर्वक सुनाया।

कथावाचक ने कहा कि जब उत्तरा के बालक का जन्म हुआ, तब स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने आकर बालक का नामकरण संस्कार किया। भगवान ने कहा कि जब यह पांडवो का वंश परीक्षीण हो रहा था तब इस बालक का जन्म हुआ है। इसीलिए इसका नाम परीक्षित होगा जब भगवान श्री कृष्ण की बुआ कुंती को ज्ञात हुआ कि अभिमन्यु की धर्मपत्नी उत्तरा के गर्भ की रक्षा वासुदेव श्रीकृष्ण ने की है तब कुंती भगवान को पहचान गयी एवं प्रभु की स्तुति करने के बाद तीन वरदान मांगे। कुंती बुआ ने पहले वरदान में कहा कि गोविन्द मेरी बुद्धि में जो मोह पांडव ओर यदुवंशीयों से जुडा हुआ हैश वह हमेशा के लिए खत्म हो जाये। कुंती जी ने दूसरे वरदान मे कहा किी हे नाथ जैसे गंगा आदि नदियों की धारा अंत मे समुद्र मे मिल जाति है ठीक उसी तरह मेरी बुद्धि आपके चरणों मे समर्पित हो जाये एवं तीसरे वरदान के रूप मे कुंती ने भगवान श्री कृष्ण से कहा हे गोविन्द मुझे विपत्ति दुःख प्राप्त होता रहे, क्योंकि जब-जब संकट आता है, तब याद तुम्हारी आती है ओर सुख आने पर तो हम तुम्हें भूलने लगते हैं। सुख के माथे सिल पडे नाम हरी को जाय, बलिहारी वा दुख की सो पल-पल नाम रटाय, कथा वाचक ने इस पावन चरित्र को सविस्तार सुनाया।



# कैलारस थाने में अब भी अटैच है उज्जैन में पदस्थ चालक

## वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश के बाद भी नहीं किया गया रिलीव

**कैलारस।** जिला पुलिस उज्जैन में पदस्थ कैलारस निवासी साकिर मोहम्मद पिछले लंबे समय से कैलारस थाने में अटैच है। तत्कालीन पुलिस कप्तान ललित शाक्यवार उसका अटैचमेंट खत्म कर गए थे। उसके बाद भी अधीनस्थों ने अभी तक उसको रिलीव नहीं किया है। पंचायत चुनाव के दौरान दिसंबर को पुलिस मुख्यालय भोपाल से पत्र आया था उसमें हवाला दिया गया था कि जिले में पदस्थ आरक्षक प्रधान आरक्षक एवं चालकों की संबंधितता को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर उनकी मूल पदस्थापन के लिए रवाना किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। इस पत्र का हवाला देते हुए पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार ने 17 दिसंबर 2021 को पत्र जारी किया उसमें स्पष्ट निर्देश जारी कर कहा गया था कि कैलारस थाने में अटैच चालक शाकिर मोहम्मद को मूल पदस्थापना इकाई जिला उज्जैन के लिए 17 दिसंबर को दोपहर रवाना किया जाए। इस पत्र की प्रति एडीजी एवं चंबल रेंज के आईजी एडीजी मुख्यालय पुलिस अधीक्षक उज्जैन रक्षित निरीक्षक एवं स्वयं चालक को भेजी गई। उसके बाद भी उक्त चालक को अधीनस्थों ने रिलीव नहीं किया है।

**इनका कहना है:** चालक शाकिर मोहम्मद को आर आई रिलीव करेंगे हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं है।


**वेदेन्द्र सिंह कुशवाह**, थाना प्रभारी, कैलारस

**इनका कहना है:** चालक साकिर मोहम्मद को हमारे यहां से मुक्त कर दिया है और रवानगी भी डाल दी है। कैलारस थाने से वह क्यों नहीं गया, यह हमको नहीं पता, हमने तो उज्जैन एसपी को भी अवगत करा दिया है।

**कृष्ण प्रताप सिंह** तोमर रक्षित निरीक्षक

**इनका कहना है:** मेरी जानकारी में नहीं है इसकी डिटेल पता करते हैं, यदि ऐसा है तो देखते हैं चालक रिलीव क्यों नहीं किया गया।

**आशुतोष बागरी**, पुलिस अधीक्षक, मुरैना



# शक्कर कारखाना बचाने किसान, कर्मचारी व आम जनता ने मनाया धिक्कार दिवस

## -शक्कर कारखाना की नीलामी रोकने की मांग, 22-23 फरवरी को किया जाएगा घेरा डालो-डेरा डालो आंदोलन

**कैलारस।** शक्कर कारखाना बचाओ आंदोलन नई ऊंचाइयों पर पहुंचे लगा है। मंगलवार को पुरानी सब्जी मंडी पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी, अखिल भारतीय किसान सभा की ओर से धिक्कार दिवस मनाया गया।

इस दौरान सभी की ओर से कारखाना मिल हाउस की होने वाली नीलामी रोकने, कारखाने को चालू करने, मुख्यमंत्री और राजनेताओं की घोषणा पर अमल सुनिश्चित करने, किसानों कर्मचारियों का बकाया भुगतान करने, अंश धारकों का नामांतरण करने आदि मांगों को पुरजोर तरीके से उठाते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार को दिया गया। इस मौके पर हुई आमसभा को विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेता गणों ने संबोधित किया। जिनमें माकपा के राज्य सचिव जसविंदर सिंह, सबलगढ़ विधायक बैजनाथ कुशवाह, पूर्व विधायक महेश दत्त मिश्रा, पूर्व विधायक सोने राम कुशवाह, पूर्व नपाध्यक्ष अशोक तिवारी, किसान नेता गयाराम सिंह धाकड़, माकपा जिला सचिव महेश प्रजापति, कांग्रेस के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष विष्णु अग्रवाल, भानु प्रताप सिंह सिकरवार, कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बृजमोहन मरैया, नंदलाल खरे, प्रदेश उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस और कैबिनेट मंत्री लाखन सिंह के प्रतिनिधि संजय सिंह यादव, मानवेंद्र सिंह गांधी, गौतम बुद्ध नंदलाल खरे, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता, छात्र नेता एसएफआई के प्रांतीय सचिव राजवीर सिंह धाकड़, किसान नेता ओमप्रकाश श्रीवास, किसान कांग्रेस रामविलास धाकड़, बसपा नेता बाबूलाल सोलंकी, समाजसेवी मथुरा प्रसाद शर्मा, गल्ला व्यवसाई संघ के अध्यक्ष राजकुमार सिंघल, नरेंद्र उपाध्याय आदि ने संबोधित किया।




# जमीन ने उगली कच्ची शराब, जेसीबी से हुई खुदाई, भारी मात्रा में शराब बरामद

**मुरैना।** जिले में अवैध शराब कच्ची शराब का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है, शराब माफिया बेखौफ होकर अवैध शराब का निर्माण कर रहे हैं। शहर तो छोड़िए, अब इस होड़ में गांव सबसे ज्यादा आगे हैं। मंगलवार की सुबह दिमनी थाना क्षेत्र के गांव वित्त का पुरा में मुखबिर की सूचना पर से पुलिस ने खुदाई कराई तो बड़ी मात्रा में अवैध कच्ची शराब का जखीरा बरामद हुआ। गांव में जमीन से शराब उगलने की खबर जिला मुख्यालय तक पहुंची तो पुलिस अधिकारियों के कान खड़े हो गए और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया तथा जेसीबी से खुदाई कराई गई यही नहीं पुलिस ने घर के अंदर भी खुदाई कराई और केन बरामद की।

कुछ इस प्रकार का मामला मंगलवार को अंबाह तहसील मैं देखने को मिला, जहां गॉव की जमीन कच्ची शराब उगल रही है। दबिश देते हुए पुलिस ने 7 हजार लीटर से अधिक लहान निकाला, 200 लीटर बनी हुई कच्ची शराब बरामद की गई। इसके अलावा पुलिस ने जेसीबी मशीन से गंदी नालियों, खेतों तथा घरों के परिसर में खुदाई कर लहान निकाला। लहान के 35 ड्रम तथा कच्ची शराब का एक ड्रम बरामद किया। पुलिस द्वारा यह कार्यवाही अम्बाह के वित्त पुरा गॉव में की गई है। दिमनी पुलिस द्वारा अवैध शराब के कारोबार से जुड़े तीन बदमाशों को हिरासत में लिया गया है वहीं एक सेवानिवृत पुलिस अधिकारी के घर भी छानबीन की गई है। बताया जाता है कि इस क्षेत्र में लंबे समय से अवैध कच्ची शराब का कारोबार चल रहा है लेकिन पुलिस कर्मचारियों की मिलीभगत के कारण उनका पर्दाफाश नहीं हो पा रहा था। एसपी आशुतोष बागरी ने पूरे जिले में कच्ची शराब और अवैध शराब को पकड़ने के लिए पूरे जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं एवं मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया जा रहा है।



# दतिया चार चोरियों का खुलासा ,एक बाल अपचारी सहित दो शातिर चोर गिरफ्तार

### 400000 कीमत के सोने चांदी के आभूषण तथा नगदी बरामद,कोतवाली पुलिस की कार्यवाही





**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

दिनांक 04-02-22 को मयंक तिवारी पुत्र कैलाश चंद तिवारी निवासी 103 ज्योति नगर कॉलोनी के सामने शासकीय क्वार्टर सिविल लाइन दतिया नायब तहसीलदार व्रत बसई द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लिखवाई थी कि दिनांक 03-02- 22 को रात्रि लगभग 9ः00 बजे वह अपने परिजनों के साथ शादी में सम्मिलित होने डबरा गए थे सुबह जब लौटकर आए तो गेट की कुंडी व अंदर की अलमारी का लॉक टूटा था सोने चांदी के जेवर और ?70000 नगद कोई अज्ञात चोर चुरा कर ले गया जिस पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 156/ 22 धारा 457,380 ताहि का अज्ञात चोरों के विरुद्ध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

दिनांक 12-01- 22 को अरविंद सिंह कुशवाहा पुत्र हरनाम सिंह कुशवाह निवासी पंचशील नगर दतिया ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लिखवाई थी कि दिनांक 8-01-01-22 की दोपहर में से दिनांक 10-01-22 कि सुबह तक वह अपने घर से बाहर रिश्तेदारी में गए थे जब लौटकर आए तो उन्हें घर के मेन दरवाजे पर का ताला टूटा मिला अलवारी का लॉक टूटा होकर सोने-चांदी के जेवर तब ?32000 अज्ञात चोर चुरा कर ले गए इस पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 17/ 22 धारा 457,380 ताहि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

दिनांक 21-01-22 को फरियादी चतुर्भुज कुशवाह पुत्र तुलसी कुशवाह निवासी शासकीय क्वार्टर अनामय आश्रम के पीछे दतिया ने थाना कोतवाली उपस्थित आकर रिपोर्ट लिखवाई कि दिनांक 20 -01-22 को सुबह 8ः00 बजे अपने भतीजे की शादी में ग्राम केवलारी गया था दिनांक 21-01-22 को दोपहर के समय जब घर लौटकर आया तो देखा कमरे के ताले टूटे हुए तथा अलमारी का ताला टूटा हुआ था ?10000 नकदी सोने-चांदी के आभूषण गायब थे जिस पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 27/22 धारा 457,380 ताहि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया क्या।

दिनांक 19-01-22 को फरियादी चंद्र प्रकाश निखरा पुत्र नाथूराम निखरा निवासी गांधी रोड टिगेलिया ने थाना कोतवाली उपस्थित आकर रिपोर्ट लिखवाई की दिनांक 18-12-21 को रात्रि 9ः00 बजे वह दुकान में ताला डालकर घर चले गए थे अगले दिन सुबह 10ः00 बजे जब दुकान खोली तो कोई अज्ञात चोर दीवार में छेद करके दुकान के अंदर से इलायची बादाम, पिस्ता तथा चिल्लर चुराके ले गए इस पर अज्ञात चोर के विरुद्ध अपराध क्रमांक 610/21 धारा 457,380 ताहि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त चारों चोरियों में सूने घर तथा दुकान को चोरों द्वारा निशाना बनाया गया तथा साथ ही सभी चोरियों का वारदात तरीका एक ही था इस पर दतिया पुलिस अधीक्षक श्री अमन सिंह राठौर जी अति. पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं प्रभारी श्री दीपक नायक जी एसडीओपी दतिया श्री सुमित अग्रवाल जी द्वारा अज्ञात चोरों की पतारसी हेतु एक टीम गठित की गई जिसके द्वारा तकनीकी की मदद तथा पंजीबद्ध चोरों के वारदात के तरीके को खंगाल कर संदिग्धों की पहचान की व एक बाल अपचारी को काली पहाड़ी थाना सिविल लाइन से पकड़ा जिस ने पूछताछ पर शहर में चोरी की वारदातें करना कबूल किया तथा अपने साथी अंगद पुत्र बालकृष्ण अहिरवार उम्र 19 साल निवासी भागोर थाना चिरुला व एक अन्य साथी जो वर्तमान में फरार है के साथ मिलकर घटनाओं को गठित करना बताया अंगद व उसके साथियों द्वारा दतिया शहर के विभिन्न मोहल्लों में घूम फिर कर ऐसे मकानों को चिन्हित किया जाता था जिसके मालिक बाहर गए हैं ,घर पर ताला लगा है । रात्रि के समय में उस घर में ताला तोड़कर अंदर घुस कर सोने-चांदी के आभूषण व नगदी चुरा कर ले जाते थे

आरोपियों के कब्जे से 81500रुपये नगद ,दो सोने के मंगलसूत्र, 6 सोने की अंगूठी ,4 चांदी की अंगूठी, चांदी की कमर पेटी ,चांदी की पायले, सोने की तबिजिया ,अन्य आभूषण तथा 20000 कीमत के केसर, बादाम पिस्ता ,काजू जप्त किए गए जप्त किए गए सामान की कुल कीमत 400000 रुपये है ।

### आरोपियों ने अपने घर के बाहर खेतों में गाड़ रखा था चोरी का माल ।

उक्त चोरियों का खुलासा कर चोरों को पकड़ने वाली टीम को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा नगद पुरस्कार से पुरस्कृत की जाने की घोषणा की है । चोरी का खुलासा करने में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविन्द्र शर्मा ,उप निरीक्षक आकाश संसिया, सहायक उपनिरीक्षक महेश श्रीवास्तव, मनोज बाथम ,रामनिवास नंदा ,राजेंद्र प्रसाद दीक्षित ,प्रधान आरक्षक मनोज तिवारी, विनोद तिवारी, शिव गोविंद चौबे ,आरक्षक गजेंद्र राजावत, चंद्रशेखर, साहू,दिलीप प्रधान ,सोनपाल गोस्वामी ,पुष्पेंद्र यादव, राहुल बोद्ध, रविन्द्र यादव, महिला आरक्षक दीक्षा भदोरिया की मुख्य भूमिका रही ।

## रेखा तोमर बनी महिला फोर्स की प्रदेश अध्यक्ष

**दैनिक पुष्पानजली टुडे न्यूज़**
**संतोष सिंह भदौरिया मध्यप्रदेश रिपोर्टर**

मुरैना/हिंदू टाइगर फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाखन सिंह नायक की सहमति से हिंदू टाइगर फोर्स मध्य प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह हिंदू ने मध्य प्रदेश महिला फोर्स का विस्तार करते हुए रेखा तोमर मुरैना को मध्य प्रदेश की महिला फोर्स प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है रेखा तोमर काफी समय से संगठन में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए महिलाओं के अधिकार व वर्चस्व के लिए संघर्ष करती रही हैं इनकी नियुक्ति पर सभी देश प्रदेश के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है



### सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया के भाई देवेंद्र सिंह ने शोकाकुल परिवारों के बीच पहुंचकर शोक व्यक्त किया'

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री अटेर क्षेत्र से विधायक डॉ अरविंद सिंह भदौरिया के बड़े भाई देवेंद्र सिंह भदोरिया ने विधानसभा क्षेत्र के कई ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर शोकाकुल परिवारों के बीच सांत्वना प्रदान की । सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया के भाई देवेंद्र सिंह भदौरिया नेविधानसभा अटेर के गोपालपुरा खुर्द चोम्हो खड़ीत जलपुरा राजेश शर्मा जी की माताजी के निधन पर शोकसंतप्त परिजनो सें भेंट की। श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की।



### प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने किया भ्रमण

**पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा**

अटल भू जल योजना एनपीएमयू दिल्ली के प्रोजेक्ट डायरेक्टर उमेश बाल पाण्डेय ने पन्ना जिले के अजयगढ़ विकासखण्ड की विभिन्न ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर योजना के क्रियान्वयन के संबंध में ग्रामीणजनों से संवाद किया। इस दौरान अब तक हुए कार्यों का सत्यापन भी किया गया। बताया गया कि अजयगढ़ विकासखण्ड के 65 ग्राम पंचायतों का डीपीआर तैयार कर केन्द्र और राज्य सरकार को भेजा गया है।



## 4 माह पूर्व घर से गया लड़का अभी तक नही आया बापिस

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले फतेहपुर से है जहाँ फरियादी ललित कुशवाहा ने बताया की बह आशीर्वाद हॉस्पीटल के पास फतेहपुर रोड शिवपुरी तहसील व जिला शिवपुरी म0प्र0 का जागरूक व जिम्मेदार व्यक्ति है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ललित कुशवाहा ने बताया कि उसका छोटा भाई कपिल कुशवाह दिनांक 27.09.2021 को प्रातः 5.00 बजे से घर पर नहीं है। चूंकि वह पूर्व में भी बिना बताये जा चुका है जो कि कुछ दिन बात स्वतः ही घर लौट आया था इसलिये हमने कुछ दिनों तक उसका इंतजार किया फिर अपने पहचान वालों व रिश्तेदारों में तलाश किया जब कुछ पता नहीं चला तो हमने पुलिस कोतवाली शिवपुरी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है यह कि प्रार्थी के भाई कपिल कुशवाह का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है- उसकी उम्र 26 वर्ष है, उसका रंग गोरा है, अविवाहित है। कद 5फीट 5इंच है शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ है। वह उसकी अकसूची व अन्य कागजात साथ ले गया है। यह कि प्रार्थी के भाई कपिल कुशवाह के अब न आने से हम चिंतित हैं। हमें किसी व्यक्ति पर शक नहीं है तथापि किसी अनिष्ट की आशंका से परेशान भी हैं।



### ऐसी स्थिति में उसके मोबाइल नं. 7999034754 की कॉल डिटेल

निकलवा कर अथवा अन्य आवश्यक कार्यवाहियों के माध्यम से कपिल कुशवाह के बारे में पता करवाना चाहते हैं।

कपिल कुशवाह का पता लगवाने हेतु कॉल डिटेल निकलाने एवं अन्य आवश्यक कार्यवाहियां करवाये जाने के लिए थाने में ओर एस पी ऑफिस में जा कर आवेदन भी दे दिया लेकिन आज दिनांक तक कपिल कुशवाह का पता नही चल पाया है

## बाइक और ट्रक की भिड़ंत से भीषण हादसा



गोहद द्वगोहद चोराहा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 92 पर छीमका के पास बाइक और ट्रक की भिड़ंत से भीषण हादसा हो गया मौक़े पर बाइक और ट्रक में आग लग गयी और दोनों ही वाहन जलकर ख़ाक हो गए. हादसे में बाइक सवार आर्मी जवान गम्भीर रूप से घायल है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, बताया जा रहा है की, कुंवरपुरा पोरसा ज़िला मुरैना का निवासी आर्मी जवान विजय सिंह मेहंगाव से ग्वालियर अपनी ड्यूटी पर जा रहा था इसी दौरान गोहद चौराहा के छीमका गाँव के पास उसकी बाइक सामने से आरहे ट्रक में जा भिड़ी टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि बाइक में आग लग गयी जिसने ट्रक को भी अपनी चपेट में ले लिया. लोगों की सूचना पर फ़ायरब्रिगेड तो पहुँची और आग को बुझाया भी लेकिन तब तक बाइक और ट्रक जलकर ख़ाक हो चुके थे. वही हादसे में घायल बाइक सवार को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज जारी है.

## ग्राम पंचायत मुहारीकला में निर्माण कार्य किये बिना ही राशि निकल ली गई राशि जिसकी शिकायत करने पहुंचे ग्राम वासी

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-**खबर शिवपुरी से है जहां जन सुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत मुहारीकला थाना खनियाधाना जिला शिवपुरी के लोगों ने अपनी जागरूकता और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए सभी ग्रामीण वासियों ने सचिव और सरपंच के खिलाफ शिकायती आवेदन दिया है जहां गांव में नही हुआ विकास जिसके चलते निर्माण राशि सरपंच और सचिव द्वारा लाखों की राशि निकाल ली गई है वहीं आपको बता दें की एक रुपए का भी काम जमीनी धरातल पर नहीं हुआ है।

जो भी कार्य हुए है वह केवल कागजों में तब्दील है। यह कि ग्राम पंचायत मुहारीकला में निम्नलिखित निर्माण कार्यों की राशि आहरित कर ली गई है परन्तु कार्य नहीं करवाये गये हैं संक्षिप्त में विवरण निम्नानुसार है -

1. ग्राम मुहारीकला में आदिवासी बस्ती में चबूतरा निर्माण के रू. 60000/- रू. लेकिन चबूतरा पर एक पत्थर तक नही लगाया गया।
2. ग्राम मुहारीकला में श्री राधाकृष्ण मंदिर का चबूतरा निर्माण के रू.1,10,000/- वर्ष 2018 में निकाले गए।
3. ग्राम मुहारीकला में मजरा हरियावाहा का चबूतरा निर्माण।
4. ग्राम मुहारीकला में कचरा केन्द्र।
5. ग्राम मुहारीकला में आदिवासी बस्ती में चैकडेम दुरूस्ती हेतु 75000/- रू. निकाले गए।
6. ग्राम मुहारीकला में हैण्ड पम्प स्थापित करवाने हेतु 3,00,000/- रु. आहरित किये गये, परन्तु 10 में से मात्र 04 निर्मित करवाये गये।
7. ग्राम मुहारीकला में बगदन नदी पर चैक डेम मरम्मत हेतु राशि आहरित की गई परन्तु कार्य नहीं करवाया गया।
8. ग्राम मुहारीकला में अम्बेडकर भवन से लाडो के मकान तक सीसी रोड के लिये 3,00,000/- रु. आहरित किये गये हैं। लेकिन बनाया नहीं गया है।
9. ग्राम मुहारीकला में गौशाला हेतु स्वीकृत भूमि पर गौशाला संचालित न करते हुए सरपंच द्वारा कब्जा कर कृषि की जा रही है। गौशाला की सभी गाये खुर्द बुर्द कर दी हैं, गौशाला की राशि आहरित की जाती रही है।
10. ग्राम मुहारीकला में रामदयाल पाल के मकान से आदिवासी पुलिया तक नाली निर्मित नहीं की गई जबकि उक्त मद की राशि आहरित की जा चुकी है।



उक्त भृष्टाचार में सरपंच सचिव एवं अन्य कर्मचारियों की आपसी मिलीभगत है। उक्त समस्त कार्य स्थलों के वीडियो एवं फोटोग्राफ उपलब्ध हैं। जांच के वक्त प्रस्तुत करने को तत्पर रहेंगे। वहीं श्रीमान महोदय से निवेदन करते हुए आवेदन दिया है कि ग्राम पंचायत मुहारीकला में विभिन्न निर्माण किये बिना ही राशि आहरित कर लिये जाने से जांच व कार्यवाही करवाये जाने को लेकर शिकायती आवेदन दिया गया।

# नेता जी का देवेंद्र नगर की जनता के लिए बनावटी दुख झलका

**पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर की खबर**

पन्ना जिले की देवेंद्र नगर में इन दिनों स्थानीय नेता जी को नगर के विकास एवं नगर की जन सुविधाओं की याद सताने लगी है लेकिन अभी तक नेताजी को नगर एवं नगर परिषद की अर्थव्यवस्था की चिन्ता नही थी अब आज नेता जी नगर परिषद एवं नगर की आमजनता की समस्याओं पर काफी चिंताजनक नजर आ रहे हैं ।

आज नेता जी नगर के जनता की सुख सुविधाओं के नाम पर समाचार पत्रों की सुर्खियों पर दिखाई दे रहे हैं आज नगर की जनता की सुविधा के नाम पर एवं नगर परिषद के राजस्व और अर्थव्यवस्था पर कार्यरत अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर आखिरकार अब क्यों सवाल खड़े हुये है। क्या वाकई में इस चिंता में नगर की जनता का हित है ककरहटी सीएमओ एवं नगर परिषद देवेंद्र नगर के प्रभारी सीएमओ के द्वारा नेताजी की बेटी को कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी से हटा दिया गया था इससे बौखलाए नेताजी को नगर की जनता एवं नगर परिषद की अर्थव्यवस्था पर चिंताजनक नजर आ रहे हैं ।




### नगर परिषद देवेंद्र नगर में पूर्व सेवा निवृत्त सीएमओ नगर परिषद के खजाने को खोखला कर गए

तब नेताजी को नगर परिषद की अर्थव्यवस्था पर ध्यान नहीं था तब पत्रकारों के सवालो पर नेता जी ने चुप्पी साध ली थी क्यो कि पूर्व सीएमओ सेवानिवृत्त ने नेता जी की बेटी नगर परिषद में कम्प्यूटर आपरेटर के पद नोकरी पर रखा था नेताजी के कृपा पात्र सीएमओ ने कोरौना काल में बड़े पैमाने पर व्यापक भ्रष्टाचार किया क्यों कि सी एमओ साहब नेताजी के खासम खास जो ठहरे जिससे कहते है कि बुंदेलखंडी कहावत है कि सैया कुतवाल तो डर काहे का वही सीएमओ साहब द्वारा सैनिटाइजर एवं अन्य सामग्री के कई लाखों के बिल दूध के बिल एवं सामग्री क्रय में व्यापक अनियमितताएं की गई जहाँ तकि अंतिम संस्कार तक कि राशि हड़पने में भी पीछे नही रहे पत्रकारों द्वारा जब अंतिम संस्कार राशि का मुद्दा समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाश में लाया गया तब आनन फानन मृतकों के परिजनों को सहायता राषि लगभक एक साल बाद दी गई थी ।तब किसी भी नेता जी के द्वारा नगर एवं आम जनता एवं दुखी परिवारों की आवाज नहीं उठाई आम नागरिक के नाते मेरा नेता जी से व्यक्तिगत स्वार्थ सिद्धि हेतु अधिकारियों पर दबाव ना बनाये बल्कि जनता की समस्या दूर करने हेतु अधिकारियों पर दबाव बनाया जाए तो निश्चित ही नेता जी का नाम आगे आएगा और उनके कार्य की प्रसंसा भी होगी

## सुंगरहा में विशाल कलश शोभा यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

### कथा श्रोता मिलन, हक्की बाई रजक

**पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की खबर**

**गुनौर -** सुंगरहा में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया है। पहले दिन कथा माहात्मय का व्याख्यान करते हुए कथावाचक आचार्य पं. इदरीश इंद्रेश मिश्रा जी ( श्री धाम वृंदावन वाले )ने कहा कि रामायण महापुराण हमें आदर्श के साथ जीवन जीने के तरीके सिखाती है और श्रीमद् भागवत महापुराण हमें मरना कैसे है ये सिखाती है। भागवत महापुराण में भक्त को मरने से पहले क्या कर्म करे कि अपनी मुक्ति को प्राप्त कर सके उस सुगम मार्ग का मार्गदर्शन केवल भागवत महापुराण में मिलता है। भगवान की भक्ति से मोक्ष की प्राप्ति करने का सबसे सरल उपाय राम नाम संकीर्तन है। सुंगरहा में रजक परिवार मे विशाल संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। जिसकी शुरुआत मंगलवार को कलश यात्रा के साथ हुई कथा वाचक आचार्य पं. इदरीश इंद्रेश मिश्रा जी महाराज एवं आचार्य राहुल पाठक जी हैं। कथा के पहले दिन पूरे नगर के महिलाओं के द्वारा हजारों की संख्या में कलश यात्रा में अपनी सहभागिता दी गई। आयोजन स्थल से सारे ग्राम मे गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान ग्राम के लोगो द्वारा घर-घर दरवाजे पर कलश आरती का आयोजन कर उनका स्वागत किया गया ।कथा 2 बजे से हरि इच्छा पर्यन्त तक आयोजित की जा रही है। जिसमें पहले दिन देवी पूजन पोथी पूजन व भागवत माहात्मय का व्याख्यान करते हुए भक्ति ज्ञान वैराग्य का बहुत ही सुन्दर वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि इस कलयुग में केवल भगवान का नाम जपने भर मात्र से सहज ही भक्ति की प्राप्ति हो जाती है।



# मुख्यमंत्री ने महिला स्वसहायता समूहों को किया ऋण का वितरण



## जिले के 256 समूह को 5 करोड़ 34 लाख रू. का मिला लोन

**पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा**

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार (मिंटो हॉल) से राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित महिलाओं के स्वसहायता समूह को ऋण का वितरण किया। आजीविका गतिविधियों के लिए पन्ना जिले के 256 स्वसहायता समूहों को भी 5 करोड़ 34 लाख रू. के ऋण की सौगात मिली। इस अवसर पर जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र, जिला पंचायत सीईओ श्री बालागुरू के., अतिरिक्त सीईओ श्री अशोक चतुर्वेदी, परियोजना अधिकारी श्री संजय सिंह परिहार, रामबिहारी चौरसिया सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी और समूह की महिला सदस्यों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान के संबोधन को सुना। हितग्राहियों को ऋण राशि का चेक भी प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि आर्थिक रूप से सशक्त होने और आत्मसम्मान के लिए आजीविका मिशन प्रभावी जरिया है। समूह में जुड़ने से महिलाएं आत्मनिर्भर बनी हैं। समूह की महिलाओं की न्यूनतम 10 हजार रूपये की मासिक आमदनी के लिए सरकार प्रयासरत है। महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की मार्केटिंग और पैकिंग के लिए भी मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि समूह से जुड़ी महिलाएं अब नए स्वसहायता समूह को प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ ही कई कार्य संचालित कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां, बहन और बेटी को सशक्त करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इनके प्रति भेदभाव और अन्याय भी दूर होगा। उन्होंने कहा कि मातृवंदना योजना के तहत गर्भवती माताओं को 4 हजार रूपये की राशि पोषण आहार के लिए प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त संबल योजना में 12 हजार रूपये प्रदान किए जाते हैं। आगामी दिनों में लाड़ली लक्ष्मी योजना-2 शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत बेटियों के विवाह भी शीघ्र शुरू होंगे। बेटियों को रोजगार के लिए भी विशेष प्रयास किए जाएंगे। शिक्षक भर्ती में 50 प्रतिशत और पुलिस भर्ती में 30 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं। सामाजिक परिवर्तन के लिए सरकार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री द्वारा समूह की महिलाओं से साहूकार से कर्ज लेने से बचने और डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने की अपील भी की गई।



## लाल टिपारा गौशाला में आदर्श गांव गो आधारित समृद्धि गोष्टी मैं स्वदेशी जागरण मंच ने लिया भाग

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** लाल टिपारा गौशाला मैं आयोजित आदर्श एवं गो आधारित समृद्ध गोष्टी मैं स्वदेशी जागरण मंच की टीम ने भाग लिया इसमें मुख्य रूप से डॉ कमल टावरी रिटायर आईएएस का उद्बोधन हुआ एवं श्री कृष्णयन महाराज जी का सानिध्य प्राप्त हुआ इसमें मुख्य रूप से स्वदेशी जागरण मंच महानगर प्रचार प्रमुख देवेश थापक जी, विष्णु जी शर्मा, प्रदीप पसारिया जी, राजीव शर्मा, देवेंद्र जी, अतुल जी मल्होत्रा, नितिन जी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# युवा संसद कार्यक्रम का उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ आयोजन

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**



पण्डित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ भोपाल के तत्वावधान में शा0 उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के सभागृह में 07 फरवरी 2022 को युवा संसद का मंचन किय गया । प्रो. एस के. सक्सेना के मुख्य आतिथ्य में तथा प्रो0 एल0सी0 जैन की अध्यक्षता तथा प्रो0 डॉ0 एन एम. बापट, प्रो0 रविन्द्र सोनवाने तथा अनिल हनवत के विषिष्ट आतिथ्य में संस्था के प्राचार्य एल.सी. मानवटकर की प्रमुख उपस्थिति में कार्यक्रम का संचालन युवा ससंद प्रभारी बी एल राणा एवं सह प्रभारी श्रीमती पूनम मिश्रा के नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने श्रेष्ठतम अभिनय कर म.प्र. विधानसभा का दृष्यावलोकन कराया गया ।

सर्वप्रथम विधानसभा अध्यक्ष सुहानी राणा के विधानसभा में आगमन के साथ युवा संसद की कार्यवाही प्रारंभ हुई नव निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई गई । राज्यपाल की भूमिका में शिवम नेवारे का आगमन हुआ उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियॉ बताई । विधानसभा के विधायक के निधन पर शोक प्रस्ताव पारित हुआ तथा प्रदेष के मुख्यमंत्री अभिषेक भोण्डेकर तथा नेता प्रतिपक्ष सुषांत टेंभुरने द्वारा उन्हें श्रृद्धांजली दी गई । एक दिन के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित हुई तथा दूसरे दिन की कार्यवाही में प्रष्नकाल के दौरान विपक्ष के विधायकों द्वारा सत्ता पक्ष से बडे ही मंजे हुये अंदाज में प्रष्न पूछे गये । जिसमें विपक्ष से कृष्णा भारद्वाज ने शिक्षा मंत्री से पूछा कि प्रदेष में कितने ऐसे शिक्षक हैं जिन्हें नियुक्ति दिनांक से आज दिनांक पर्यन्त तक पदोन्नति का लाभ नही दिया गया । शिक्षा मंत्री श्वेता कामडे ने बताया कि वर्तमान में 3700 उ0श्रे0षि0 हैं तथा 2900 सहायक शिक्षक हैं जो पदोन्नति से वंचित हैं तथा वर्तमान में इनके पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई । विपक्ष से प्रश्न पूछा गया कि भोपाल में 1984 से रखा युनियन कार्बाईड कचरा प्रदुषण का कारण बन रहा है, सरकार इसका निस्तार कब तक करायेगी । इस पर पर्यावरण मंत्री सुश्री खुषी मुनेष्वर ने बताया कि जर्मनी की कम्पनी त्तर्ढ़ढ्ढुस्र ने पिथमपुर में निस्तार का कार्य अपने हाथ में ले लिया है, जिसमें म.प्र. के पर्यावरण को खतरा नही पहुॅचेगा । विपक्षी विधायक विषाखा बम्बूरे द्वारा नर्मदा नदी के बहाव से मृत व्यक्तियों के बारे मे प्रष्न पूछा गया एंव तत्काल विधान सभा में स्थगन प्रस्ताव रखा गया। जिसकी अनुमति अध्यक्ष सुहानी राणा द्वारा नही दी गई तो विपक्ष ने सदन का बर्हिगमन किया । प्रमुख सचिव द्वारा तकनीकी शैक्षणिक संस्थाओं तथा विष्वविद्यालय में अनुचित पद्धति का प्रतिबोध विधेयक की एक प्रति सभा के पटल पर रखी गई । विपक्षी विधायक खुषी केकडे के द्वारा मनासा क्षेत्र में वृक्षारोपण मे की गई धांधली का प्रष्न उठाया गया जिसका जवाब वनमंत्री शारण्या चौरे द्वारा धांधली की जॉच कराने के आदेष के साथ की गई । वारासिवनी से कटंगी सड़क मार्ग का निर्माण क्यों रूका है तथा ध्यानाकर्षण सूचना के तहत अभिषेक धुर्वे द्वारा इन्दौर शहर में वायु की गुणवत्ता का गिरना चिन्ता का विषय है । इस प्रकार अनेक जनहित के प्रष्न पूछे गये ।

जिसमें राज्यपाल की भूमिका में षिवम नेवारे, विधनसभा अध्यक्ष कु. सुहानी राणा, मुख्यमंत्री अभिषेक भोण्डेकर, गृहमंत्री इदरिस खान, षिक्षा मंत्री मानसी पंचेष्वर, पर्यावरण मंत्री खुषी मुनेष्वर ऊर्जा मंत्री यामिनी ठाकरे, सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री अंकित हनवत, वनमंत्री शरण्या चौरे, जनषिकायत निवारण मंत्री मानसी हाथीमारे, खनिज संसाधन मंत्री सोनिका बोमरडे संसदीय कार्यमंत्री नीतू लिल्हारे, लोक निर्माण मंत्री वंष सेवईवार नेता प्रतिपक्ष सुषांत टेम्भुरने तथा विधानसभा उपाध्यक्ष का अभिनय सिद्धार्थ गेडाम द्वारा बखूबी निभाया गया । विपक्षी विधायकों की भूमिका में विषाखा बम्बूरे, कृष्णा भारद्वाज, खुषी केकेडे, आयुष राहंगडाले, तेजस्विनी लिल्हारे, डॉली राहंगडाले, आरती सिंह, अभिषेक धुर्वे, हिमांषी गौतम, राषि पटवा, मानसी कसार, मयूर मेश्राम, राषि बंषपाल ने बेहतरीन प्रर्दषन किया । अपने स्वागत उद्बोधन में संस्था के प्राचार्य श्री एल सी मानवटकर ने कहा कि युवा संसद के मंचन का उद्देष्य छात्र -छात्राओं में संसदीय प्रणाली एवं प्रक्रिया के प्रति समझ विकसित करना है तथा भावी नेता अपने देष की विधायिका मे किस प्रकार का आचरण करेंगें एवं लोकतंत्रात्मक प्रणाली में अपने आपको कैसे स्थापित करेंगे इसका उत्तरदायित्व सौपना है । उन्होंने समस्त अतिथियों का स्वागत एंव अभिनन्दन किया । मुख्य अतिथि आसंदी से बोलते हुये प्रो0 संतोष कुमार सक्सेना ने छात्र छात्राओं के अभिनय की काफी प्रषंसा करते हुये कहा कि युवा संसद को विद्यालय में स्थापित कर सरकार में यह एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है । इससे समाज के सभी वर्गो तथा विद्यार्थियों को षिक्षा के साथ संसदीय पद्धति तथा प्रक्रिया का ज्ञान हासिल होता है । अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो0एल0सी0 जैन ने कहा कि मंत्री, मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, विधानसभा अध्यक्ष, राज्यपाल के क्या दायित्व होते हैं इसकी जानकारी हमें युवा संसद के माध्यम से मिलती है । उन्होनें सभी को अपना आर्षिवाद दिया तथा राजनीति के क्षेत्र में युवा नागरिकों के आने की अपेक्षा की । अंत में श्रीमती नीलम श्रीवास्तव के द्वारा अतिथिगणों के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती पूनम मिश्रा, श्रीमती मनीषा हरिनखेडे, कल्पना ठोम्बरे, रंजना तिवारी, नीतू मोहारे, शरद ज्योतिषी, नीलकमल मेश्राम, एंव प्रखर बाहे ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# सिहारी में निः शुल्क मोतियाबिंद शिविर हुआ संपन्न

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**



जिले की लांजी तहसील में महावीर इंटरनेशनल के द्वारा लगातार जनसेवा के कार्य किये जा रहें हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में दिनांक 08 फरवरी 2022 दिन मंगलवार को महावीर इंटरनेशनल लांजी द्वारा निन्शुल्क मोतियाबिंद नेत्र शिविर ग्राम पंचायत भवन सिहारी में आयोजित किया गया। महावीर इंटरनेशनल लांजी के द्वारा निशुल्क मोतियाबिंद लेंस प्रत्यारोपण आपरेशन शिविर आयोजित किया गया शिविर समस्त ग्रामवासियों के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में बी. आर. गुर्दे जी ब्लाक एजूकेशन आफिसर एवं प्राचार्य शिक्षा केंद्र लांजी का विशेष सहयोग रहा। इनके मार्गदर्शन में गांव में शिविर का आयोजन किया गया। क्षेत्र के सभी लोग एवं स्थानिय ग्रामवासी एवम टीम के सभी सदस्य उपस्थति थे। समय- समय पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिविरों का आयोजन किया जाएगा जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले वयोवृद्ध महिला पुरुष का इलाज संभव हो सके। साथ इस अवसर पर मोतियाबिंद के आज 110 मरीज पंजीयन एवं 30 मोतियाबिंद मरीज चिन्हित किए गए, कुछ मरीज बीपी सुगर के कारण अनफिट किए गए, जिनकी पुनः जाच की जाएगी। इस दौरान डॉ सरताज सिद्दीकी, मोनू यादव, अरशद खान ,इंद्रकुमार राजा भूते , चंद्रदीप रामटेके ने आंखो की जांच किया। इस शिविर में दिव्यांग जन कल्याण संघ भानेगांव के अध्यक्ष तन्मय मिश्रा का पूर्ण सहयोग रहा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जन सेवा कर लोगो को मोतियाबिंद बीमारी से मुक्त करना है। ग्रामीण अंचलों में मोतियाबिंद के मरीजों को जो दिक्कतें आती है उनके निदान के लिए उनके सहयोग के लिए वरिष्ठ जनों के लिए यह शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। बालाघाट जिला मोतियाबिंद से मुक्त हो जाए। महावीर इंटरनेशनल लांजी की टीम के उपस्थित महावीर इंटरनेशनल लांजी के चेयरमैन विशाल राऊत खोंगल, धनीराम बिलावर,मनिक चंद गुर्दे, कमल सोनवाने,एवम प्रताप बॉलारखेडे, संतोष तिडके, नंदू बिलावर, दादू नाकतोड़े, ब्रजेश अग्रवाल प्रदीप मोनू अग्रवाल, एवम महावीर इंटरनेशनल के सभी सदस्य उपस्थित थे।





# गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय में मां सरस्वती पूजन कर मनाया बसंत

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे ग्वालियर।**

गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय में बसंत उत्सव के उपलक्ष में मां सरस्वती का पूजन का आयोजन आयुष्मान शाखा द्वारा किया गया इसमें मुख्य रूप से चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गजेंद्र पाल सर जी , आयुष्मान केंद्र प्रभारी श्री योगेंद्र परमार जी नोडल शाखा प्रभारी श्री देवेश थापक, श्री संजय मांडर जी श्री आरके बंसल जी जी, एवं आयुष्मान मित्र योगेंद्र जी विक्की जी पीयूष सोहम जी विकास जी नरेंद्र जी गिर्राज जी पुरुषोत्तम जी धर्मेंद्र जी सुखदेव जी महेंद्र जी एवं अस्पताल कार्यालय के सम्मानीय कर्मचारी गण आदि सम्मिलित हुए।

## पीएम मोदी एप के माध्यम से इच्छा अनुसार माइक्रो डोनेशन देकर भाजपा के सशक्तिकरण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें युवा : विक्रांत सिंह कुशवाह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**




**भिण्ड ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष क्रांत सिंह कुशवाह एडवोकेट ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है जैसे कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को लेकर संगठन में समर्पण भाव का कार्य किया जाता है ढ्ढ इसी प्रकार भारतीय जनता युवा मोर्चा ने माइक्रो डोनेशन का कार्य अपने हाथ में लिया है जिसमें सभी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अपने-अपने मंडलों के बूथ केंद्रों पर अहम भूमिका निभाई और पार्टी का सहयोग करें भाजयुमो के जिला अध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाह ने माइक्रो डोनेशन अभियान के तहत भिंड विधानसभा क्षेत्र के उमरी में युवाओं की बैठक आयोजित कर सो रुपए मोबाइल के मोदी ऐप के माध्यम से डाउनलोड करवा कर इस अभियान में युवाओं को प्राण पर से जुड़ने का आह्वान किया और कहा इच्छा अनुसार डोनेशन देकर भाजपा के सदस्य करण में आप अपना महत्वपूर्ण योगदान दें कर सहयोग प्रदान करें उन्होंने कहा कि यह अभियान माइक्रो डोनेशन के अभियान में सर्व वर्ग समाज के युवाओं को जोड़कर डोनेशन के कार्य में अपनी अहम भूमिका के साथ निभाएं द्य भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट विक्रांत सिंह कुशवाह ने कहा कि भिंड जिले की सभी 26 मंडलों के 1480 मतदान केंद्रों पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ता माइक्रो डोनेशन अभियान में टूटेंगे ताकि हमारा जो लक्ष्य है उससे भी अधिक युवा मोर्चा के कार्यकर्ता कार्य करेंगे जिसमें ?5 से लेकर 1000 रुपए तक मोदी एप में डोनेशन करेंगे।

# सीरवी समाज ट्रस्ट चैय्यूर तामिलनाडु नयी कार्यकारिणी का गठन

## प्रथम माहीबीज महोत्सव मनाया

**पुष्पाजंलि टुडे**



**चेन्नई–** महाराज की व श्री आईजी री की असीम कृपा शुभ वेला में सीरवी समाज चैयूर ट्रस्ट का गठन किया। श्री गजानन जी महाराज की आरती व श्री आई जी की आरती के जयकारों के साथ 1 तारीख रात्री सत्संग बोलियाव महाप्रसादी का आयोजन रखा गया ।भजन कलाकार भाई ओम जी बहुत ही सुरीले भजनों की प्रस्तुति सभी भक्तों की बहुत थी आनंद लिया फिर बोलियो का आयोजन रखा गया ।जिसमें 25000श्री गजानन जी महाराज किशनलाल राठौड़ की बोली 510000श्री आई माताजी की तस्वीर की बोली पुनाराम की पत्नी गीता देवी राठौर 510000श्री आई माता जी की पूजा अर्चना की बोली हनुमान राम चोयल 72000महाप्रसादी की बोली किशनलाल राठौड़ व भुडाराम चोयल 31000 भैरू जी महाराज की बोली नेनाराम गेहलोत के द्वारा बोलियों का लाभ लिया गया ।साथ ही 5100 पवनझुर सीरवी समाज ट्रस्ट को ओर से सहयोग दिया गया ।महा बीज के दिन श्री आई माता जी की आरती व पूजा-अर्चना समस्त भक्तों द्वारा जयकारों के साथ महोत्सव का आगाज हुआ। उसके तत्पश्चात बोलने के लिए लेने के दानदाताओं का स्वागत किया गया सीरवी समाज की फुल सी बिटिया सोनू के साथ जो दरिंदगी कर उसे मारकर उस हत्यारे को फांसी की सजा के लिए समस्त समाज बंधुओं ने बिटिया सोनू को श्रद्धांजलि अर्पित की गई उसके बाद आम सभा का आयोजन रखा गया ।सब ने अपने अपने विचार रखा सीरवी समाज की एकता उसे कोई नहीं तोड़ सकता यह सभी अपने अपने विचार रखें फिर महा प्रसादी का लाभ लिया गया इस संपूर्ण कार्यक्रम का माइक संचालन कन्हैया लाल चोयल ने किया। इस तरह आयोजन का समापन हुआ।इस ट्रस्ट का गठन की कार्यकारिणी नेनाराम गेहलोत अध्यक्ष उपाध्यक्ष भुडाराम चोयल पुनाराम राठौड़ सचिव हनुमानराम चोयल कोषाध्यक्ष राजूराम व्यवस्थापक , किशनलाल अन्नाराम तुलसाराम चंपालाल सुरैश राजेश अन्य भक्त गण व महिला शक्ति मौजूद थी ।

# रमाई आंबेडकर की 124वी जयंती करूणा बौद्ध विहार कलपाथरी में मनाई



**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

दिनांक 07 फरवरी 2022 को करूणा बौद्ध विहार कलपाथरी में त्यागमूर्ति माता रमाई आंबेडकर की 124 वी जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम तथागत बुद्ध डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर माता रमाई के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया । तत्पश्चात उपासक ईश्वर बंसोड द्वारा सामूहिक रूप से त्रिशरण पंचशील ग्रहण करवाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया। मुख्य अतिथि एम के बौद्ध द्वारा माता रमाई के त्याग, समर्पण और,करूणा पर अपनी कविता के द्वारा सविस्तार जानकारी से अवगत करवाया। वही विशिष्ट अतिथि आयुष्यमान पी डी भालाधारे द्वारा संविधान और हमारे अधिकार के बारे में जानकारी देते हुए उन्होने माता रमाई के संघर्षो का सविस्तार बखान किया। महेंद्र मडामें तथा महेंद्र बंसोड द्वारा रमाई माता के बाल्यकाल से लेकर उनके अंतिम क्षणों तक किए गए बलिदान के बारे में जानकारी दी। अन्य वक्ताओं मे डाक्टर हंसराज नागवंशी भिलाई,मनोज बारमाटे, शशी एम के बौद्ध, धर्मशिला मेश्राम, निरंजना बंसोड़ ,रीना बारमाटे ने अपने गीतों और कविताओं के माध्यम से अपने विचारो को रखा। अध्यक्ष की आसंदी से भारतीय बौद्ध महासभा के तहसील अध्यक्ष आयुष्यमान के के भालाधारे ने डाक्टर बाबासाहेब आंबेडकर की जीवन साथी त्यागमूर्ति माता रमाई के संघर्षों का बखान करते हुए बताया कि माता रमाई की चार संताने दवाई के अभाव तथा गरीबी के कारण काल कलवित हो गई किन्तु उन्होंने अपना हौसला नहीं हारा और बाबासाहेब आंबेडकर के सपनो को साकार करने में अपनी जिंदगी समर्पित कर दी। यदि माता रमाई नही होती तो शायद आज हम इस स्तिथि में नही होते। अंत में समस्त अतिथियों का आभार प्रदर्शन करुणागिरी कलपाथरी के महासचीव ईश्वर बांसोड द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से छोटेलाल बंसोड़, तुलाराम बंसोड,पन्नालाल रामटेके,दिलीप मडामें,पदमाकर बंसोड, अमर बंसोड़,दिनेश बारमाटे, रितेश बंसोड, भीमदस बारमाटे, केशोराव बारमाटे,निर्मला बोरकर, भिवराम बारमाटे, रविशंकर बारमाटे, संतोष बरमाते, बसन्त बारमाटे,राजेश चौरे उपस्थित रहे अंत में समिति के द्वारा भोजन कराया गया।

# नारी शक्ति का स्वस्थ्य रहना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी- देवेन्द्र सिंह तोमर







ग्वालियर।

रेड केयर फाउंडेशन द्वारा आज नाथों का पुरा में महिलाओं के लिए सेनेटरी पेड्स वितरण कार्यक्रम आयेजित किया गया। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के वाइस प्रेसीडेंट तथा भाजयुमो की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह तोमर %रामू÷ ने कहा कि महिलाओं का स्वस्थ्य रहना हम सबका सामूहिक दायित्व है।

उन्होंने कहा कि अगर महिलाएं स्वस्थ रहेंगी तो हमारा परिवार और समाज सुरक्षित रहेगा। महिलाएं हमारे घर परिवार की धुरी होती हैं अतऽउनके स्वास्थ्य की चिंता करना हम सबका भी दायित्व है। सेनेटरी पेड्स उनके स्वास्थ्य के सुरक्षा की जिम्मेदारी हैं। रेड केयर फाउंडेशन के द्वारा सेनेटरी पेड्स वितरण महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक बेहतर कदम है जिसके लिए उन्हे बहुत साधुवाद और धन्यवाद। इस तरह के सार्थक प्रयास समाज से निरंतर होते रहना चाहिए।

वितरण कार्यकम में मुख्यरूप से युवराज सिंह यादव, पूनम शाक्य, पूनम धाकर, नीरज कुंडाल, धरमा राठोर, रीया सेंगर, शिवानी रावत, मनीषा कुशवाह, अर्पित जैन, आकाश सिंह कुशवाह, जावेद शेख़, विपिन श्रीवास्तव, रोहित रजक, यहोशो चेरिस्ट, रवीन्द्र पटेल, विकाश धाकर, ब्रजेंद्र सिंह, विकास यादव, निशांत राजपूत, अजय शाक्य, अंजलि गौतम, अभिषेक बंसल, अभिषेक परिहार, भारती कुशवाह, धर्मेंद्र यादव, धर्मेंद्र लोधी, डॉली पाल, हरेंद्र गौतम, किसन सेंगर, मोहिनी यादव, किरण पाल, स्मृति राठोर, करोना माँझी, भावना माँझी, रागिनी धाकरे, मोनिका भारत, राजीव कुमार, ललित यादव, आकाश शूर्यवंशी, सोनम साहू, हिमांशु बाथम, जय प्रजापति, विकाश सूर्यवंशी, प्रदीप बघेल, आशु शर्मा, यश सूर्यवंशी, ओमप्रकाश चोकोटिया, रमन सिंह, तरुण अग्रवाल, प्रदीप चोकोटिया उपस्थित रहे।

# अपराधियों को पकड़ना पुलिस की ड्यूटी, आजमन सुरक्षित रहे और भयुक्त रहे यही हमारा ध्येय



ग्वालियर। चेम्बर ऑफ कॉमर्स के साथ सराफा संघ ग्वालियर के संघटन के लोग पहुंचे पुलिस का सम्मान करने पुलिस अधीक्षक कार्यालय

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सतेंद्र तोमर श्री राजेश दंडोतिया सी एस पी श्री विजय भदौरिया श्री रत्नेश तोमर श्री नागेंद्र सिंह सिकरवार टी आई श्री दामोदर गुप्ता श्री विवेक अष्ठाना सहित पूरी टीम का औपचारिक सम्मान करते हुए सराफा संघ के अध्यक्ष श्री जवाहर जैन और सचिव अभिषेक गोयल सन्नी ने कहा कि शीघ्र ही एक बड़ा सम्मान उपनगर ग्वालियर में करके सभी लोगो का सम्मान किया जाएगा

इस अवसर पर स्वष्टद्ध के अध्यक्ष श्री विजय गोयल ने कहा कि व्यपारियो में जो भय उतपन्न हो गया था वह इस कार्यवाही से दूर हुआ है और इसके लिए अमित सांघी जी ओर उनकी पूरी टीम बधाई के पात्र है उन्होंने केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य जी सिंधिया ओर मंत्री श्री प्रधुम्नसिंह तोमर के प्रति भी आभार व्यक्त किया जो उन्होंने व्यपारियो के साथ हुई घटना पर अपनी संवेदनशीलता दिखाई

इस अवसर पर स्वष्टद्ध के मानसेवी सचिव डॉ प्रवीण अगवाल ने कहा कि यह लूट कांड पुलिस के लिए एक चेलेंज था और जिस ततपरता से पुलिस ने इस लूट में कार्यवाही की गई है वह एक नजीर है जिससे आमजन में एक विश्वास बड़ा है इस लूट कांड का पूर्ण रूप से परदाफाश होने पर एक भव्य सम्मान समारोह चेम्बर में भी आयोजित किया जाएगा ।

आभार MPCCI के उपाध्यक्ष श्री पारस जैन ने किया

इस अवसर पर राजेन्द्र जैन प्रभुदयाल गुप्ता आशीष अग्रवाल प्रशांत जैन शैलेन्द्र गोयल संतोष गोयल आलोक जैन नीरज बिंदल

रवि बिंदल मनीष गोयल अरुण गोयल शिवम बिंदल सचिन गोयल के साथ बड़ी संख्या में व्यापारी वर्ग उपस्तिथ था।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने एसपी को ज्ञापन देकर, पार्टी कार्यकर्ताओं पर दर्ज प्रकरण बापस लेने की मांग की

''तीन दिन में जाँच हो, नहीं तो आंदोलन होगा'‘



ग्वालि्यर। प्रदेश कॉग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रामनिवास रावत और विधायक डॉ.सतीश सिकरवार के नेतृत्व में आज पुलि्स अधीक्षक अमित सांघी को ज्ञापन देकर मांग की है कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं पर ल्गाये गए झूठे दर्ज मुकदमे वापस लि्ए जाएं। ज्ञापन में कहा गया है कि कॉग्रेस पार्टी के छात्रनेता शिवराज यादव और अन्य 6 कार्यकर्ताओं पर फूल्बाग चौराहे पर पुतल्रदहन के समय दुर्घटनावश एक एसआई झुल्स गए थे, उनके प्रति कांग्रेस पार्टी की गहरी सम्बेदना है। ज्ञापन में आगे कहा है कि ल्रेकतंत्र में आये दिन विरोध प्रदर्शन और पुतल्रदहन कार्यक्रम राजनीतिक दल्रों द्वारा किये जाते रहे हैं। पुतल्रदहन के दौरान कई वार जन प्रतिनिधियों के साथ भी गंम्भीर हादसे होते रहते हैं। एसआई के साथ घटी घटना भी हादसा है। किसी षड्यन्त्र से यह घटना घटित नहीं हुई है। ऐसे प्रदर्शन भाजपा द्वारा बिपक्ष में रहने के दौरान किये जाते रहे हैं।

# जनसमस्या लेकर आने वाले नागरिक बनें स्वच्छता के ब्रांड एम्बेस्डरः निगमायुक्त श्री कन्याल

### जनसुनवाई में आमजन की समस्यायें सुनकर दिए निराकरण के निर्देश



ग्वालियर। जनसुनवाई में आई पंचशील नगर वार्ड नम्बर 2 की निवासी सुश्री कीर्ति शर्मा को स्वच्छता का ब्रांड एम्बेसडर बनाते हुए निगमायुक्त ने कहा कि जनसुनवाई में आने वाले आमनागरिकों को भी स्वच्छता का ध्यान रखना है। वह भी अपने कॉलोनी या मौहल्ले के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर बन सकते हैं। इसके साथ ही जनसुनवाई में अपनी समस्यायें लेकर आने वाले नागरिकों को हमारा ग्वालियर स्वच्छ ग्वालियर का नारा दिलवाया। साथ ही श्री जगदीश प्रसाद को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के 20 हजार रूपये का ऋण प्राप्त करने पर निगमायुक्त श्री कन्याल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री जी का शुभकामना पत्र दिया।

निगमायुक्त श्री कन्याल ने जनसुनवाई सुनते हुए कहा कि जनसुनवाई में आने वाले आवेदनों को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित निराकरण करायें। आवेदक अपनी समस्या लेकर निगम के चक्कर न लगाये। जनसुनवाई के दौरान अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता व उपायुक्त डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव सहित विभागाधिकारी उपस्थित रहे।

सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई के वार्ड 3 बहोडापुर के निवासियों ने उरवाई गेट विनय नगर सेक्टर-3 में बहोडापुर रोड अवैध कब्जा रोकने के संबंध में, वार्ड 47 लक्कड खाना, सात भाई की गोठ श्री हिमांशु निगम ने अवैध अतिकृमण हटाने के संबंध में, जीवाजी नगर ठाटीपुर के श्री नेलशरण द्वारा अवैध कब्जा हटवाने, वार्ड 61 पृथ्वी नगर सिरोल रोड के श्री बाल किशन आर्य ने अमृत योजना के अंतर्गत डाली गई सीवर लाइन में सीवेज उल्टा बहने से रोकने के संबंध में, वार्ड 51 की श्रीमती परवीन बेगम ने प्धानमंत्री योजना के अंतर्गत आवास हेतु जमा ऋण वापस लेने के संबंध में अपना आवेदन निगमायुक्त श्री कन्याल को दिया। जिस पर निगमायुक्त श्री कन्याल ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई आदि से संबंधित लगभग एक दर्जन आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश निगमायुक्त ने दिए।

# जिले के 980 सेवाभावी नागरिक आँगनबाड़ियों को गोद लेने आगे आए

**ग्वालियर जिले में भी चल रहा है एडॉप्ट एन आँगनबाड़ी अभियान**

ग्वालियर। ग्वालियर जिले में भी समुदाय की भागीदारी से आँगनवाड़ी केन्द्रों को सुदृड़ करने के लिए एडाप्ट एन आँगनवाड़ी अभियान चलाया जा रहा है। अब तक जिले के 980 सेवाभावी नागरिक अर्थात सहयोगी इस पुनीत अभियान में अपना पंजीयन करा चुके हैं। महिला बाल विकास विभाग द्वारा पंजीयन करा चुके सभी सहयोगियों से संबंधित आँगनवाड़ी केन्द्र में आवश्यक सहयोग के लिए सहमति प्राप्त की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री राजीव सिंह ने बताया कि हर सहयोगी अपनी पंसद के आंगनबाड़ी केन्द्र को एक तरह से गोद लेकर उसके सुदृड़ीकरण में अपना योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 1459 आँगन बाड़ी केन्द्र हैं। इनमें से 980 आँगनबाड़ी केन्द्रों के लिए सहयोगियों द्वारा अपना पंजीयन करा लिया है। पंजीकृत सहयोगियों में से 700 सहयोगियों से सहमति भी प्राप्त कर ली गई है। जिले की शेष आंगनबाड़ियों के लिए भी सेवाभावी नागरिकों को जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**एक वर्ष के लिए किया जाएगा आंगनबाड़ी को एडॉप्ट**

एडाप्ट एन आँगनवाड़ी अभियान में आँगनवाड़ी केन्द्रों को अपनाने के लिए जन-प्रतिनिधि, शासकीय सेवक, सामाजिक कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन, गैर शासकीय संस्थाएँ, आद्यौगिक संस्थाएँ और अन्य संगठन आँगनवाड़ी संचालन, पोषण सुधार एवं अधो-संरचना आदि गतिविधियों में सहयोग कर सकते है। आँगनवाड़ी केन्द्र को एक वर्ष के लिए एडाप्ट किया जायेगा। संबंधित व्यक्ति आँगनवाड़ी केन्द्र से ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन सम्पर्क कर सकेंगे।

**इस प्रकार का सहयोग दिया जा सकेगा**

आँगनवाड़ी केन्द्रों को अपनाने के लिए आँगनवाड़ी भवन एवं परिसर के लिए भूमि, आँगनवाड़ी भवनों और कक्षों का निर्माण, पूर्व से निर्मित भवनों का सुधार, रंग-रोगन, पूर्व से निर्मित भवनों की बाउण्ड्री-वाल का निर्माण, केन्द्र में हैण्ड पम्प की स्थापना, बच्चों के लिए सुलभ शौचालय, आउटडोर एवं इंडोर खेल सामग्री का प्रदाय, बच्चों को यूनिफार्म उपलब्ध कराना, केन्द्र के संचालन में आवश्यक सामग्री जैसे पंखा, घड़ी, फर्नीचर, बर्तन आदि उपलब्ध करा सकते है।






# हाथ ठेला व आर्थिक मदद मिली, रेनू अब सब्जी का कारोबार करेंगीं



ग्वालियर। साहब मेरे पति के पैर में चोट लग गई है, इस वजह से वे काम पर नहीं जा पाते। ब?ा बेटा बीमार रहता है। मेरे परिवार को मदद की जरूरत है। अपनी व्यथा सुनाते हुए यह फरियाद पिण्टो पार्क क्षेत्र की निवासी श्रीमती रेनू जोशी ने जन-सुनवाई में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह से की। जन-सुनवाई ने रेनू को ब?ा सहारा दिया है। इसी तरह दो जरूरतमंद महिलाओं के घरेलू कामकाजी महिला कल्याण योजना के कार्ड तो एक निराश्रित महिला का आयुष्मान कार्ड भी जन-सुनवाई में बन गया। कलेक्टर श्री सिंह ने जन-सुनवाई में ही नगर निगम से एक हाथ ठेला मंगवाया और रेनू को सौंपा। साथ ही हाथ ठेले से सब्जी का कारोबार शुरू करने के लिये आर्थिक मदद भी प्रदान की। कलेक्टर ने पिण्टो पार्क क्षेत्र में ऐसे स्थान पर रेनू को सब्जी का ठेला लगाने के लिए जगह दिलाने के निर्देश भी जन-सुनवाई में मौजूद नगर निगम के उपायुक्त श्री अतिबल सिंह यादव को दिए। रोते-रोते जन-सुनवाई में पहुँचीं रेनू की आँखों में घर जाते समय खुशी के आँसू छलक रहे थे। न्यू जागृति नगर लक्ष्मीगंज की निवासी 62 वर्षीय निराश्रित महिला सुश्री रामदेवी को भी जन-सुनवाई में सहारा मिला है। आयुष्मान कार्ड बनवाने की फरियाद लेकर पहुँची कलेक्टर श्री सिंह ने जन-सुनवाई में ही आयुष्मान कार्ड बनवाकर रामदेवी को सौंपा। इसी तरह दीनदयालनगर क्षेत्र की निवासी श्रीमती मनोरमा शर्मा को बिटिया की फीस जमा कराने के लिये जनसुनवाई में आर्थिक मदद मिल गई। कलेक्टर श्री सिंह ने मनोरमा को मुख्यमंत्री सहायता कोष से आर्थिक मदद मुहैया कराने के लिये भी पत्र लिखवाया है। ग्राम भयपुरा से रोजगार के लिये मदद की आस में पहुँचीं श्रीमती फूलवती कुशवाह के जीवन में भी अब खुशियों के फूल खिलेंगे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी ने फूलवती को आश्वस्त किया कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्व-सहायता समूह में शामिल कराकर आपको आय का स्थायी जरिया मुहैया कराया जायेगा।

# मुनिश्री के मंगल प्रवचन चंपाबाग धर्मशाला चल रहे है

### अहंकार के रहते मनुष्य अपनी कमी, दोषों और दुर्बलताओं को स्वीकार नहीं करता : मुनिश्री



राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज | योगी धर्मवीर मुनिश्री विजयेश सागर महाराज

ग्वालियर। अहंकार के कारण व्यक्ति सारी अच्छाइयां भूल जाता है और स्वयं की कमी, स्वयं के दोषों और दुर्बलताओं को स्वीकार नहीं करता है और उसका व्यक्तित्व अपूर्ण रह जाता है। यह सब अहंकार के कारण होता है।भाव से मुक्ति है, बंधन है सुख और दुख है। भाव का प्रवाह पल-पल बदलता रहता है। जैसे पताका लहराती रहती है वैसा ही हमारा मन हमेशा ऊपर नीचे, इधर-उधर होता रहता है। हवा जब ज्यादा आती है तो पताका ज्यादा फड़फड़ाती है और इसी प्रकार निमित्त से प्रभावित होकर हमारा मन भी रंग बदलने लगता है।यह विचार राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने आज मंगलवार को नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाल में धर्मसाभ को संबोधित करते हुए कही। मंच पर मुनिश्री विजयेश सागर महाराज, मुनिश्री विनिबोध सागर महाराज व ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज मौजूद थे।

मुनिश्री ने कहा कि मन को संभालने और संभारने की आवश्यकता है। भाव दशा का आकलन आपको स्वयं करना चाहिए। इच्छा के बिना भाव धारा में सुधार नहीं होता है, इसके लिए आपको स्वयं संकल्प लेना होगा और प्रयत्न करना होगा। मुनिश्री के समाजजनों ने पदाप्रच्छलन कर आशीर्वाद लिया। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज के चरणों का समाजजनों ने पदाप्रच्छालन कर श्रीफल भेंटकर मंगल आशीर्वाद लिया। इस मौके पर अभूतपूर्व बर्षयोग समिति के विनय कासलीवाल, पंकज बाकलीवाल, दिनेश जैन, संजीव जैन, रविन्द्र जैन, अजय जैन, पारस जैन, अनिल जैन, दीपिका जैन सहित जैन समाज के लोगो ने मुनिश्री के चरणों मे श्रीफल भेंट किया।

### दुसरों का सहयोग करोगे तो वह तुम्हारे लिए दौड़ेगा-मुनिश्री विजयेश सागर

योगी धर्मवीर मुनिश्री विजयेश सागर महाराज ने कहा कि दूसरों से सहयोग कराने का सबसे बड़ा सूत्र है हम सहयोग करें। आज यदि दूसरे मानव को तुमने भोजन करा दिया है तो वह भी तुम्हार इंतजार करेगा।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478